# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, गुरुवार, 19 दिसंबर 2024

संवत 2081, पौष कृष्ण चार- मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 103 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▸▸ तार्किक पाठ्यक्रम समय की मांग

मैं अच्छी बल्लेबाजी नहीं कर पा रहा स्वीकारने में कोई बुराई नहीं : रोहित शर्मा ◂◂ 6


# भूमि विवाद में पूरे परिवार पर हमला एक व्यक्ति की मौत, चार घायल

## पानी पटाने को लेकर दोनों पक्षों मे शुरू हुआ मामूली विवाद लड़ाई- झगड़े तक पहुंच गया

**संवाददाता**

**साहिबगंजः** जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत हाजीपुर दियारा पश्चिम टोला में भूमि विवाद को लेकर गुरुवार सुबह एक अधेड़ व्यक्ति की हत्या कर दी गयी। साथ ही चार लोग गंभीर रूप से घायल हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है। इधर जैसे ही इस बात की खबर मुफस्सिल थाना प्रभारी मदन कुमार को मिला वे फौरन दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंच मामले की छानबीन मे जुट गये।

बुधवार शाम को शुरू हुआ था झगड़ा, सुबह धारदार हथियार से परिवार पर हमलाः जानकारी के अनुसार बुधवार शाम को खेती में पटवन के दौरान पानी पटाने को लेकर दोनों पक्षों मे मामूली विवाद





शुरू हआ था। जिसके बाद मामला झगड़ा लड़ाई तक पहुंच गया था। मौके पर मौजूद लोगों ने दोनों तरफ के लोगों को समझा बुझा कर शांत करा दिया था। लेकिन बदले की भावना सुलग रही थी और दूसरे दिन अहले सुबह ही एक पक्ष के लोगों ने धारदार हथियार तलवार, चाकू, भाला फरसा सहित कई चीजों से हमला कर दिया। मृतक की पहचान हाजीपुर निवासी भूप नारायण रजक के रूप में हुई है।

परिवार के चार लोग हुए घायल : इस हमले में परिवार के चार अन्य लोग घायल हो गए। घायलों की पहचान मृतक के पुत्र चीकू रजक, ओम प्रकाश रजक, धर्मेंद्र रजक और मृतक कि पत्नी सरीता देवी के रूप में हुई है। इनमें से दो घायलों को साहिबगंज सदर अस्पताल भेजा गया है जबकि दो गंभीर रूप से घायल लोगों को पीरपैंती सदर अस्पताल से हायर सेंटर रेफर किया गया है। इधर घटना की खबर पाते ही सदर एसडीपीओ किशोर तिर्की घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की पड़ताल में जुटे।

# ट्रक ने कार को मारी टक्कर, 5 की दर्दनाक मौत

## शाहजहांपुर से दिल्ली जा रहा था परिवार



**शाहजहांपुर :** उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले में बीती रात ट्रक ने कार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि कार में सवार पांच लोगों की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। जबकि पांच लोग घायल हो गए। पुलिस ने सभी को एंबुलेंस से राजकीय मेडिकल कालेज में भर्ती कराया है। हादसे की जानकारी मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंच गए। एक परिवार के तीन लोगों की मौत से कोहराम मच गया। इसी परिवार के तीन लोग घायल भी है।

जानकारी मिलने के बाद डीएम, एसपी, एसपी सिटी पुलिस बल के साथ राजकीय मेडिकल कालेज पहुंचे। उन्होंने घायलों का हालचाल जाना। डीएम ने बेहतर इलाज करने के निर्देश दिए हैं। यह घटना थाना मदनापुर क्षेत्र में हुआ है। थाना कांट क्षेत्र के नवादा जिले के रहने वाले 40 साल के रियासत अली, 38 साल की पत्नी आमना बेगम, 7 साल की बेटी गुड़िया, खुशी, सुबहान और अरमान के साथ अपनी कार से दिल्ली जाने के लिए देर रात नौ बजे निकले थे। अर्टिगा कार में उनकी जान पहचान का एक और परिवार बैठा था। घर से निकलते ही जैसे ही कार मदनापुर के बरखेड़ा के पास पहुंची। तभी तेज रफ्तार ट्रक ने कार को टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी तेज थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। कार चला रहे रियासत उनकी पत्नी आमना बेगम और उनकी छह साल की बेटी गुड़िया की मौके पर मौत हो गई। जबकि रियासत की बेटी खुशी, बेटे आरमान और सुबहान घायल हो गए। हादसे में कार में ही बैठी सात साल की नूर की मौत हो गई और उसकी मां गुलफशा घायल है। वहीं इसी कार में बैठी अन्नू की भी मौत हो गई। जबकि कार में बैठा उनका बेटा अंश घायल हो गया।

सूचना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सभी घायलों को राजकीय मेडिकल कॉलेज भेजा। जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर शवों को मारचरी में रखवा दिया है। जबकि घायलों का इलाज किया जा रहा है। हादसे की जानकारी मिलते ही राजकीय मेडिकल कालेज के तीन डाक्टरों की टीम और पूरे स्टाफ को अलर्ट कर दिया गया। घायलों का इलाज कर उनको वार्ड में शिफ्ट किया गया। उसके बाद डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह, एसपी राजेश एस और एसपी सिटी संजय कुमार भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। डीएम और एसपी ने घायलो से बातचीत कर उनको हरसंभव मदद का भरोसा दिया। उसके बाद डीएम ने डाक्टर से बातचीत कर बेहतर इलाज करने के निर्देश दिए।

# किसानों के सुझावों और मांगों के लिए कोर्ट के दरवाजे हमेशा खुले

## अनशन पर बैठे डल्लेवाल को कुछ हुआ, तो पंजाब सरकार के लिए अच्छा नहीं होगा



**नई दिल्ली:** किसान आंदोलन पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि किसानों के लिए हमारे दरवाजे हमेशा खुले हैं। वे सीधे अपने सुझाव या मांगें लेकर हमारे पास आ सकते हैं या अपना प्रतिनिधि भेज सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने खनौरी बॉर्डर पर आमरण अनशन कर रहे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की तबीयत पर भी पंजाब सरकार से जवाब मांगा। पंजाब के अटॉर्नी जनरल गुरमिंदर सिंह ने कहा कि डल्लेवाल के साथ बातचीत हुई है। उन्होंने अपने मेडिकल टेस्ट करवाने से इनकार कर दिया है। उनके सभी जरूरी अंग सही तरह से काम कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने ऑर्डर में कहा कि राज्य सरकार के लिए अच्छा नहीं होगा अगर डल्लेवाल को कुछ होता है और आरोप लगते हैं।

उन्हें सभी मेडिकल सुविधाएं मिलती रहें, राज्य सरकार यह सुनिश्चित करे। जब पंजाब सरकार ने कहा कि डल्लेवाल को भर्ती करना ज्यादा उचित रहेगा। इस पर जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि उनसे भावनाएं जुड़ी हुई हैं। राज्य को कुछ करना चाहिए। ढिलाई नहीं बरती जा सकती है। आपको हालात संभालने होंगे। जब पंजाब सरकार ने कहा कि हमने बातचीत की कोशिश की थी, लेकिन किसानों ने बातचीत से मना कर दिया। इस पर अदालत ने कहा कि सरकार कह रही है कि किसानों को सीधे कोर्ट में अपनी बात रखने की इजाजत दी जाए। हमारे दरवाजे हमेशा खुले हुए हैं। वे यहां सीधे आकर सुझाव या मांगें पेश कर सकते हैं या फिर अपना प्रतिनिधि भेज सकते है।

### कुलगाम में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़

# पांच आतंकवादी ढेर, दो जवान घायल



**जम्मू-कश्मीर :** कुलगाम जिले में गुरुवार को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में पांच आतंकवादी मारे गए। जम्मू-कश्मीर पुलिस के मुताबिक कुलगाम जिले के कद्देर इलाके में मुठभेड़ हुई है।

संदिग्ध आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद सुरक्षाबलों ने बुधवार रात जिले के बेहीबाग इलाके के कद्दर में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया। घिरता देखकर आतंकवादियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी शुरू कर दी, जवाबी कार्रवाई में सुरक्षाबलों ने भी फायरिंग की। अधिकारियों के मुताबिक पांच आतंकवादियों के शव बाग में पड़े हैं लेकिन अभी तक बरामद नहीं किये गये हैं।

**आज केंद्रीय गृहमंत्री शाह सुरक्षा के मुद्दे पर करेंगे समीक्षा बैठकः** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह गुरुवार यानि आज शाम को जम्मू-कश्मीर के प्रमुख सुरक्षा मुद्दों को लेकर एक उच्च स्तरीय सुरक्षा बैठक की अध्यक्षता करेंगे। बैठक में जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा शामिल होंगे। सूचना के मुताबिक, विधानसभा चुनावों के बाद सुरक्षा मुद्दों को लेकर यह पहली बैठक होगी।



# मुंबई बोट हादसाः 13 की मौत, रेस्क्यू ऑपरेशन तेज, 110 लोगों को बचाया गया , प्रधानमंत्री ने किया दुख व्यक्त

**मुंबई :**मुंबई में बोट हादसे में अब तक 110 लोगों को रेस्क्यू किया जा चुका है। 13 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि पांच की हालत गंभीर बनी हुई है। मुंबई पुलिस ने रेस्क्यू ऑपरेशन में तेजी के लिए दो और बोट को भेज दिया है। इसके अलावा, मुंबई पुलिस के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे हैं। शुरूआती जांच में पता चला है कि किसी ने भी लाइफ जैकेट नहीं पहनी थी। बता दें कि मुंबई में गेटवे ऑफ इंडिया से एलिफेंटा जा रही बोट करंजा के उरण में पलट गई थी। नीलकमल बोट में 30 यात्री सवार थे। हालांकि, अब तक बोट पर सवार यात्रियों की सही संख्या का पता नहीं चल पाया है। नौसेना, जेएनपीटी, तटरक्षक बल, येलोगेट पुलिस स्टेशन की 3 बोट और स्थानीय मछुआरों की मदद से घटनास्थल पर बचाव और राहत अभियान चलाया। घटना की वीडियो भी सामने आया था, जिसमें देखा जा सकता है कि बोट धीरे-धीरे पानी में डूब रही है। लोगों को लाइफ जैकेट पहनाकर दूसरी नावों में शिफ्ट किया जा रहा है। बीएमसी आपदा नियंत्रण ने बताया कि नीलकमल नाम की एक निजी यात्री बोट बताया जा रहा है, करीब 110 पर्यटकों और पांच चालक दल के सदस्यों को लेकर विश्व प्रसिद्ध यूनेस्को हेरिटेज एलीफेंटा द्वीप पर जा रही थी और यह दुर्घटना शाम करीब 5.15 बजे हुई। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इंजन परीक्षण से गुजर रही भारतीय नौसेना की तेज गति नाव से नीलकमल टकरा गई, जिससे नाव पलट गई और अधिकांश पर्यटक गेटवे ऑफ इंडिया से लगभग 10 किलोमीटर दूर रायगढ़ तट पर उरण, करंजा के पास अरब सागर में गिर गए। सूत्रों ने बताया कि नौका नीलकमल अचानक टक्कर लगने से टूट गई, पलट गई और डूबने लगी तथा यात्री समुद्र में गिर गए। विपत्ति के बारे में कई स्रोतों से एसओएस प्राप्त होने पर, भारतीय नौसेना के चार हेलीकॉप्टरों और मरीन पुलिस, भारतीय तटरक्षक, जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह प्राधिकरण सहित 15 अन्य जहाजों द्वारा स्थानीय मछुआरों और अन्य नौकाओं के साथ पीड़ितों को बचाने के लिए बड़े पैमाने पर बचाव अभियान शुरू किया गया। पोत के मालिक राजेंद्र पडटे ने कहा कि नीलकमल दोपहर करीब 3.15 बजे एलीफेंटा द्वीप के लिए अपनी नियमित पर्यटन यात्रा पर रवाना हुआ था और मुश्किल से कुछ घंटों बाद ही इस त्रासदी की सूचना मिली, लेकिन यह हमारी गलती नहीं थी । पडटे ने मीडियाकर्मियों को बताया, एक भारतीय नौसेना की स्पीडबोट ने पहले मेरी नाव को घेरा, फिर तेजी से आगे बढ़ी और फिर से तेज गति से वापस आकर नीलकमल से टकरा गई। सभी पर्यटकों ने लाइफ जैकेट पहन रखी थी, जो अब अनिवार्य है। एक दर्जन से अधिक अन्य नावें बचाव कार्य में लगी हुई हैं। घटनास्थल पर मौजूद भारतीय किसान एवं श्रमिक पार्टी (पीडब्ल्यूपी) के महासचिव और पूर्व विधायक जयंत पी ??पाटिल ने संबंधित अधिकारियों की कड़ी आलोचना की, जिसके परिणामस्वरूप यह त्रासदी हुई और इसके तुरंत बाद नीलकमल पानी में डूब गई।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज शाम मुंबई में नौसेना के जहाज और नागरिक यात्री नाव की टक्कर पर दुख व्यक्त किया।

# पटना-बांद्रा सुपरफास्ट एक्सप्रेस में लगी आग, तीन घंटे तक फंसे रहे यात्री



**पटनाः** गाड़ी संख्या 22972 पटना-बांद्रा सुपरफास्ट एक्सप्रेस की जनरल बोगी के निचले हिस्से में अचानक आग लग गई। जिसके बाद यात्रियों में अफरातफरी का माहौल हो गया। यह घटना दानापुर-डीडीयू रेलखंड के डुमरांव रेलवे स्टेशन का बताया जा रहा है। यह ट्रेन बक्सर के टुड़ीगंज स्टेशन से बुधवार की रात 1:02 बजे गुजर रही थी। इसी दौरान स्टेशन पर मौजूद रेलवे कर्मचारियों ने जनरल बोगी के निचले हिस्से में आग की लपटें देखीं। जिसके बाद रेलवे कंट्रोल रूम और फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। ट्रेन को अगले स्टेशन डुमरांव में 3 घंटे तक रोका गया। फायर बिग्रेड की टीम ने आग पर काबू पाया फिर ट्रेन को रवाना किया गया।

आग बुझाने में पानी का नहीं किया गया इस्तेमालः फायर ब्रिगेड ऑफिसर विनोद कुमार ने बताया कि आग ट्रेन के एलएचबी कोच के पहिए और एक्सल के बीच लगी थी। रेलवे अधिकारियों के निर्देश पर आग बुझाने में पानी का इस्तेमाल नहीं किया गया ताकि चक्का और कूलेंट जाम न हो। इसके बाद फायर ब्रिगेड की टीम ने एक्सटिंग्विशर सिलेंडर का इस्तेमाल कर आग बुझाई। पहले बाहर से और फिर चक्के के अंदर जाकर आग पर काबू पाया गया।

हादसे के कारणों की हो रही जांचः घटना के दौरान यात्रियों में दहशत का माहौल हो गया था। ट्रेन के जिस बोगी में आग लगी थी, उसे काटकर अलग कर दिया गया। ट्रेन को तीन घंटे बाद बांद्रा के लिए रवाना कर दिया गया। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि इस हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। वहीं, घटना के समय फायर ब्रिगेड और रेलवे स्टाफ की तत्परता से एक बड़ी दुर्घटना को टाला गया है।

# अंबेडकर मुद्दे पर संसद में हंगामा, राहुल गांधी का आरोप, भाजपा सांसदों ने की धक्का-मुक्की



**नई दिल्ली:** बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को लेकर सियासत तेज हो गई है और गुरुवार को संसद के भीतर ही नहीं, संसद परिसर में भी सत्ता पक्ष तथा विपक्ष के सांसदों के बीच धक्का-मुक्की होने के साथ ही जमकर हंगामा हुआ। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि उनके साथ सदन में जाते हुए संसद के द्वार पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसदों ने धक्का-मुक्की की है।

राहुल गांधी ने कहा कि सरकार बाबा साहब का अपमान कर रही है और संविधान पर आक्रमण किया जा रहा है। भाजपा के लोगों ने संसद के मकर द्वार को ब्लॉक करने की कोशिश कर उन्हें अंदर जाने से रोकने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि वह सदन में जा रहे थे तो भाजपा के एक सांसद ने उन्हें धक्का दिया।

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि सरकार ने बाबा साहब अंबेडकर के साथ संसद से बाहर छेड़छाड़ करते हुए उनकी फोटो हटा दी है। उन्होंने कहा, ह्लसदन में बाबा साहेब का अपमान करने के बाद आज फिर भाजपा ने उनका अपमान किया। उनकी फोटो के साथ छेड़-छाड़ करके किसी और की फोटो लगा दी। ये वही मानसिकता है जो जगह-जगह लगी बाबा साहेब की मूर्तियों को क्षति पहुंचाती है। ये बाबा साहेब का अपमान है। संविधान निर्माता का अपमान है ये।

इससे पहले लोकसभा में राहुल गांधी ने संसद परिसर में कांग्रेस संसदीय दल की एक बैठक की और उसमें पार्टी की रणनीति पर विचार विमर्श किया गया।

कांग्रेस सांसदों ने बाद में बाबा साहब की मूर्ति के सामने एकत्रित होकर प्रदर्शन किया और संसद भवन के मकर द्वार तक मार्च किया।



## संसद में गिरकर चोटिल हुए भाजपा सांसद प्रताप सारंगी, बोले- राहुल गांधी ने दिया धक्का

**भाजपा** सांसद प्रताप सारंगी गिरकर चोटिल हो गए हैं। उन्होंने दावा किया है कि उन्हें राहुल गांधी ने धक्का दिया। सारंगी ने कहा कि मैं खड़ा था, इस दौरान राहुल गांधी ने एक सांसद को धक्का दिया और वह मेरे ऊपरा आकर गिर गया, जिसके चलते मैं भी नीचे गिर गया और मुझे चोट लग गई। प्रताप सारंगी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल भी हो रहा है। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि व्हील चेयर पर बैठे हुए हैं और उनके सिर को कपड़े ढका हुआ है।

# गिरिडीह नगर निगम द्वारा की जा रही टोल टैक्स वसूली पर हाईकोर्ट ने लगायी रोक



मेट्रो रेज

**रांची/गिरीडीहः** गिरिडीह में नगर निगम द्वारा की जा रही टोल टैक्स वसूली पर झारखंड हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस और जस्टिस और जस्टिस दीपक रौशन की बेंच ने यह आदेश दिया है। हाईकोर्ट ने गिरिडीह नगर निगम को तत्काल प्रभाव से इस आदेश को लागू करने का निर्देश दिया है। अदालत ने अपने इस आदेश की कॉपी नगर विकास विभाग के मुख्य सचिव, गिरिडीह जिले के डीसी, गिरिडीह नगर निगम के नगर आयुक्त और गिरिडीह एसडीएम को भी देने का कहा है। मोंगिया स्टील ने टोल टैक्स वसूली के खिलाफ खटखटाया था हाईकोर्ट का दरवाजाः दरअसल गिरिडीह नगर निगम द्वारा टोल टैक्स वसूली के खिलाफ मोंगिया स्टील ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। मोंगिया स्टील की ओर से पक्ष रख रहे अधिवक्ता सुमित गाड़ोदिया और अधिवक्ता शिल्पी सांडिल्य ने लगातार से बात करते हुए बताया कि उन्होंने अपनी बहस में बताया कि नगर निगम के पास टोल टैक्स वसूली का अधिकार नहीं है। इसके बावजूद निगम टैक्स वसूल रहा। जिसके खिलाफ हाईकोर्ट का रूख किया गया था।

## तालाब में डूबने से युवक की मौत, जांच में जुटी पुलिस

### युवक के घरवालों ने इसके लिए उसकी पत्नी को जिम्मेदार बताया



**गुमलाः** जिले में मानवता को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक युवक की तालाब में नहाते समय मौत हो गई। युवक के घरवालों ने इसके लिए उसकी पत्नी को जिम्मेदार बताया और निर्वस्त्र कर पिटाई की। लोग युवती का बाल काटकर उसकी हत्या करने जा रहे थे। गनीमत रही कि वह आरोपियों के चंगुल से निकलकर भागने में सफल हो गई। पीड़िता ने इस संबंध में पुलिस में शिकायत दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना गुमला जिले के सदर थाना क्षेत्र के वृंदा नायक टोली की है। पुलिस के मुताबिक सिमडेगा जिला के कोलेबिरा थाना क्षेत्र में पोढा टोली निवासी संदीप लोहरा तालाब में नहा रहा था। इसी दौरान डूबने से उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर उसकी पत्नी बलकी देवी, उसके साथ ससुर एवं अन्य रिश्तेदार मौके पर पहुंचे और शव को लेकर कोलेबिरा आए। यहां महिला बलकी देवी के ससुराल वाले उसे ही इसके लिए जिम्मेदार बताकर मारपीट करने लगे। आरोपियों ने लाठी डंडे से ना केवल मारपीट की, बल्कि उसकी साड़ी खींच कर निर्वस्त्र कर दिया और कैंची से बाल काटकर उसकी हत्या करने वाले थे। पीड़िता के मुताबिक उसने बड़ी मुश्किल से वहां से भाग कर अपनी जान बचाई। पीड़िता के मुताबिक गांव पहुंचने पर उसके परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस के मुताबिक मृतक संदीप लोहरा और उसकी पत्नी बलकी देवी के तीन बच्चे हैं।

**ससुराल में रह रहा था संदीपः** परिवार का पालन पोषण करने के लिए दोनों मजदूरी करते थे। ससुराल में काम नहीं मिलने पर बलकी देवी अपने पति के साथ मायके वृंदा नायक टोली आ गई थी। रविवार की दोपहर दोनों तालाब गए थे। जहां बलकी देवी कपड़े धो रही थी और उसका पति नहाने के लिए तालाब में उतर गया था। इसी दौरान डूबने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## कानूनी साक्षरता व जागरूकता को लेकर सड़क पर उतरे न्यायाधीश

### कानूनी साक्षरता और जागरूकता को बढ़ावा देने को लेकर 90 दिवसीय व्यापक आउटरीच कार्यक्रम की शुरूआत प्रभात फेरी से की गयी



**धनबादः** झारखंड राज्य विधिक प्राधिकरण के निर्देश पर लोगों में कानूनी साक्षरता और जागरूकता को बढ़ावा देने को लेकर 90 दिवसीय व्यापक आउटरीच कार्यक्रम की शुरूआत प्रभात फेरी से की गयी। प्रभात फेरी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डालसा वीरेंद्र कुमार तिवारी के नेतृत्व में सिविल कोर्ट धनबाद से निकलकर रणधीर वर्मा चौक, सिटी सेंटर चौक तक गई। न्यायाधीश श्री तिवारी ने वहां महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान लोगों में कानूनी जागरूकता को लेकर नुक्कड़ नाटक भी किया गया। इसके बाद सभी वापस सिविल कोर्ट लौटे। यहां मीडिया से बातचीत करते हुए न्यायाधीश श्री तिवारी ने कहा कि 90 दिनों तक न्यायिक पदाधिकारी के नेतृत्व में गठित टीम हर क्षेत्र में जाकर लोगों को कानून के प्रति जागरूक करेगी। नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100, डायन बिसाही मामले को लेकर हेल्पलाइन नंबर 181 सहित अन्य हेल्पलाइन नंबर के विषय में लोगों को बताया जाएगा। वहीं अवर न्यायाधीश सह सचिव डालसा राकेश रोशन ने बताया कि इस 90 दिनों के कार्यक्रम के दौरान न्यायिक पदाधिकारी के नेतृत्व में गठित टीम जिसमें एनजीओ, पैनल अधिवक्ता,पीएलवी शामिल हैं, डोर टू डोर जाकर लोगों को कानून व विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देंगे। विभिन्न स्कूल-कॉलेजों में छात्र छात्राओं के बीच वाद-विवाद, निबंध, पेंटिंग, भाषण, प्रभात फेरी आदि का आयोजन किया जाएगा। बाल विवाह, साइबर ठगी, ड्रग, डायन बिसाही, बाल मजदूरी आदि के बारे लोगों को जागरूक किया जाएगा। मौके पर प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय, टी हसन, एसएन मिश्रा, जिला एवं सत्र न्यायाधीश रजनीकांत पाठक, स्वयंभू, दुर्गेश चंद्र अवस्थी, प्रभाकर सिंह, कुमार सकेत, कुलदीप, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आरती माला, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी राजीव त्रिपाठी, अवर न्यायाधीश निताशा बारला, सत्यभामा, श्वेता कुमारी, ऐंजोलिना जोन, अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी अभिजीत पांडे, प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी ऋषि कुमार, हेमंत सिंह समेत तमाम न्यायिक पदाधिकारी, एलएडीसीएस के चीफ कुमार विमलेंदु, डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट, सहायक कांउसिल नीरज गोयल, शैलेन्द्र झा, सुमन पाठक, कन्हैया लाल ठाकुर, डालसा सहायक अरुण कुमार, सौरव सरकार, राजेश सिंह, पारा लीगल वालंटियर हेमराज चौहान, डिप्टी गुप्ता, श्वेता किन्नर समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## न्यूज ब्रीफ

### डीएवी सेक्टर 6 में लगे शिविर में 250 विद्यार्थियों की हुई नेत्र जांच



**बोकारो :** जिले के सेक्टर 6 स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में शिविर लगाकर विद्यार्थियों की नेत्र जांच की गई। शिविर में चौथी व 10वीं कक्षा 250 से अधिक छात्र-छात्राओं की आंखों की जांच की गई। टाइटन आई पल्स हॉस्पिटल के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ मोहम्मद सद्दाम व रितेश सिंह ने विद्यार्थियों की आंखों की जांच कर उन्हें आंखों की सुरक्षा को लेकर जागरूक किया। उन्हें विभिन्न प्रकार के लेंस के बारे भी जानकारी दी। इससे पूर्व स्कूल की प्राचार्य अनुराधा सिंह ने शिविर का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि छोटे बच्चों में स्पष्ट दिखाई देना आवश्यक है। बचपन में ही बच्चों की आंखों में गड़बड़ी होने की आशंका रहती है। आंखों की रोशनी सही रखने के लिए डॉक्टरों ने विभिन्न तरह के लेंस का प्रयोग करने की सलाह दी। अभिभावकों से कहा कि बच्चों को हरी सब्जियां, सेब, संतरा, अमरूद,गाजर समेत अन्य मौसमी फल देने की सलाह दी। शिविर में स्कूल के सभी शिक्षक मौजूद थे।

### मारवाड़ी ने योगदा कॉलेज को दी मात क्वार्टर फाइनल में किया प्रवेश

रांची विश्वविद्यालय अंतर कॉलेज क्रिकेट प्रतियोगिता 2024- 25

**रांचीः** रांची विश्वविद्यालय अंतर कॉलेज क्रिकेट प्रतियोगिता 2024- 25 में मारवाड़ी कॉलेज ने योगदा कॉलेज को 5 विकेट से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं जेएन कॉलेज को बिरसा कॉलेज खूंटी के खिलाफ वॉकओवर मिला।

बीएस कॉलेज लोहरदगा में मारवाड़ी कॉलेज और योगदा कॉलेज के बीच मुकाबला खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए योगदा कॉलेज ने 10 विकेट खोकर 140 रन बनाए। टीम की ओर से आशीष ने 52 रन की पारी खेली। वहीं मारवाड़ी कॉलेज के रोशन ने 3 विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मारवाड़ी कॉलेज की टीम ने 19 l3 ओवर में 5 विकेट खोकर 141 रन बनाकर मुकाबले को जीत लिया। टीम की ओर से सर्वेश सिंह ने 50 रन की पारी खेली।

### प्रवीण कच्छप ने ड्रॉ आउट बच्चों को परीक्षा फीस भरने में की मदद



**रांचीः** रांची लोकसभा क्षेत्र के सोदाग पंचायत, नामकुम प्रखंड, रांची में ड्रॉप आउट लोगों के लिए चल रहे कासमी लर्निंग सेंटर के लगभग 7 छात्र-छात्राओं जो कि मैट्रिक और इंटर की तैयारी कर रहे हैं और जियोस बोर्ड के माध्यम से परीक्षा देने में असमर्थ हो रहे थे। ये बेहद गरीब और ग्रामीण परिवेश की ऐसी छात्र छात्राएं हैं जो कि अपने घर का काम करते हुए या फिर घर की आर्थिक असमर्थता होने पर भी पढ़ाई को आगे जारी रखने का दृढ़ संकल्प और सपने तलाश रहे थे। परंतु कहीं ना कहीं आर्थिक कठिनाइयां उत्पन्न हो रही थी। इन उत्पन्नों को राँची लोकसभा प्रत्याशी रहे प्रवीण कच्छप द्वारा उन अभ्यार्थियों को परीक्षा फॉर्म भरने के लिए राशि देकर उसके उज्जवल भविष्य को सुरक्षित की और उन सभी का हौसला बढ़ाने का कार्य किया। जिसे उन अभ्यर्थियों में काफी उत्साह देखने को मिली और उन अभ्यर्थियों ने श्री प्रवीण कच्छप को कोटि-कोटि धन्यवाद भी दिया। प्रवीण कच्छप ने लोगों से आह्वान किया है कि वे भी आगे बढ़कर सामाजिक सरोकार और नैतिक मूल्यों को जीवित रखें क्योंकि मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। साथ में सोदाग पंचायत मुखिया पतरस तिर्की और अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद महानगर अध्यक्ष पवन तिर्की की अहम भूमिका रही।

# विचौलियों को धान न बेचें : अमित महतो

### सिल्ली प्रखंड के दोवाडु और टुटकी में दो नये धान केन्द्र का बिधायक ने किया उद्घाटन



**मुरीः** सिल्ली प्रखंड के दोवाडु और टुटकी में नये दो धान केन्द्र का उद्घाटन बिधायक अमित महतो की उपस्थिति में गांव के जलेश्वरी देवी ने दोवाडु और जिप सदस्या लक्ष्मी देवी टुटकी में फीता काट कर किया। इससे पहले ईशानी कुमारी ने लैम्पस के गोदाम का नारियल फोड़कर पूजा अर्चना किया। विधायक अमित महतो ने कहा कि सरकार ने किसानों की आर्थिक उन्नति के लिए लैम्पस केन्द्र खोला है । आप बिचौलियों को धान नहीं बेचें। इससे आपकी आर्थिक स्थिति खराब हो जाएगी। वहीं जिला सहकारिता अधिकारी रविन्द्र कुमार दास ने किसानों से कहा कि का ऐसा योजना है जहां से किसानों की उनको उपज का उचित समर्थन मूल्य मिलेगा। प्रखंड सहकारिता अधिकारी मनोज सिन्हा ने टेक्निकल बातों पर ध्यान दिलाते हुए कहा कि जो बठाई पर धान उपजाते है उनके लिए भी धान क्रय करने की व्यवस्था है। किसानों से कहा कि आप 110 रुपये देकर लैम्पस के सदस्य बने। नहीं तो केवल 10 रुपये जामा कर सकते हैं। श्री सिन्हा ने बताया कि आज तक मे सिल्ली केन्द्र पर 519 सौ क्विंटल,टुटकी केंद्र में 108 क्विंटल और रामपुर केन्द्र से 118 क्विंटल धान का क्रय हुआ। प्रखंड कृषि पदाधिकारी कमल कान्त,दोवाडु लैम्पस अध्यक्ष वनमाली सिंह मुंडा, सचिव अशोक महतो, रतन महतो, भुनेश्वर मेहता,बाबुलाल दता, गीता कुमारी, सुनीता, सुभद्रा, चमेली बलराम सिंह मुंडा, निरंजन सिंह मुंडा,श्री प्रसाद सिंह मुंडा,प्रवीण सिंह मुंडा, रोहित सिंह मुंडा,राज कुमार सिंह मुंडा, जितेन्द्र प्रमाणिक, दुर्योधन मंडल, विकास महतो, अरविंद बड़ाइक, मनोज सिंह मुंडा,कुटकी से अध्यक्ष मनोज सिंह, सचिव अजय कोइरी, ललिता देवी,देवन्ती,बैसाखी समेत दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## जेएस एलपीएस का जेंडर आधारित हिंसा के विरुद्ध जागरूकता अभियान




**मुरी :** जेएस एलपीएस द्वारा सिल्ली प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में जेंडर आधारित हिंसा के विरुद्ध अभियान चलाया गया इसमें संकुल संगठन, ग्राम संगठन और सखी संगठन के महिलाएं, ग्रामीण बच्चे और युवा शामिल हुए। अभियान में जिप सदस्या वीणा देवी, प्रखंड प्रमुख जितेन्द्र बड़ाइक,उप प्रमुख आरती देवी,राजा पुष्पेन्द्र सिंह,राम स्वरूप मंडल समेत जेंडर कर्मी उपस्थित थे।

## कांग्रेस कार्यकर्ता की घर के बाहर हत्या

**जमशेदपुरः** झारखंड में अपराधी बेखौफ हो गए हैं। जमशेदपुर में घर के बाहर खड़े एक कार्यकर्ता की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई। उसे चार गोलियां लगीं। पुलिस ने बताया कि आरोपियों की पहचान कर ली गई है। हालांकि अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। झारखंड के जमशेदपुर शहर में बुधवार को एक कांग्रेस कार्यकर्ता की गोली मारकर हत्या कर दी गई। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि मृतक की पहचान 28 वर्षीय आलोक कुमार भगत उर्फ मुन्ना के रूप में हुई है। वह कदमा थाना क्षेत्र के शास्त्रीनगर इलाके में अपने घर के पास खड़ा था। उसी समय मोटरसाइकिल पर सवार दो हमलावर उसके पास आए और उस पर गोलियां चला दीं। अधिकारी ने बताया कि उसे चार गोलियां लगीं और वह मौके पर ही गिर गया। उसे टाटा मुख्य अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि आरोपियों की पहचान कर ली गई है, लेकिन अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। अधिकारी ने बताया कि आरोपियों में से एक कांग्रेस कार्यकर्ता का पड़ोसी है। उनके बीच पहले से दुश्मनी थी और दोनों का आपराधिक इतिहास है। उन्होंने बताया कि भगत की हाल ही में शादी हुई है। झारखंड विधानसभा चुनाव के दौरान शास्त्री नगर में एक प्रतिद्वंद्वी पार्टी कार्यकर्ता की कथित रूप से पिटाई करने के आरोप में उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर में उनका नाम शामिल था।

## सीपी सिंह पहुंचे जमशेदपुर, कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

### महानगर के जिला कार्यालय में विधायक ने कार्यकर्ताओं से की मुलाकात




**जमशेदपुर :** रांची विधानसभा सीट से लगातार सातवीं बार जीत दर्ज करने वाले भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं विधायक सीपी सिंह ने जमशेदपुर महानगर के साकची स्थित जिला कार्यालय का दौरा किया। उनके कार्यालय आगमन पर भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा के नेतृत्व में जिला पदाधिकारियों, मोर्चा जिलाध्यक्ष एवं विभिन्न मंडलों के अध्यक्षों ने उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान विधायक सीपी सिंह को पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया। पार्टी के सांगठनिक कार्यों पर चर्चा हुईः इस अवसर पर विधायक सीपी सिंह ने कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनका कुशल-क्षेम जाना और पार्टी के सांगठनिक कार्यों पर चर्चा की। उन्होंने कार्यकर्ताओं के मनोबल को बढ़ाते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जमीनी स्तर पर संगठन के विस्तार और जनता से निरंतर संवाद बनाए रखने की अपील की। साथ ही, उन्होंने जमशेदपुर के संगठनात्मक कार्यों और आगामी कार्यक्रमों की समीक्षा भी की।

# जन शिकायत समाधान शिविर में पहुंची 313 शिकायतें

■ पुलिस ने जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के तहत जिले के पांच स्थानों पर शिविर लगाया ■ इसमें कई तरह के मामले आये, सबसे ज्यादा मामले जमीन संबंधी आये



**धनबादः** पुलिस जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के तहत बुधवार को जिला के पांच स्थानों पर शिविर लगाया गया था। इसमें कई तरह के मामले आये। सबसे ज्यादा जमीन संबंधी मामले आये। जबकि कहीं प्रदूषण से हो रही परेशान तो कहीं मईयां सम्मान योजना का लाभ दिलाने के लिए आवेदक पहुंचे। इनमें से पुलिस ने कई आवेदनों का तत्काल निष्पादन कर दिया तो कुछ मामलों का जल्द निष्पादन करने का आश्वासन दिया गया।

**पांच स्थानों पर आया 313 मामलेः** धनबाद पुलिस द्वारा पांच स्थानों पर शिविर का आयोजन किया गया। सभी स्थानों पर वरीय पुलिस पदाधिकारियों की तैनाती की गयी थी। सभी थाना का अलग-अलग टेबल बनाया गया था जहां लोग अपने आवेदन दे सकते थे। इस दौरान कुल 313 मामले सामने आये। इसमें पुलिस से संबंधित 126 और दूसरे विभाग से संबंधित 187 मामलों के आवेदन प्राप्त हुए। सबसे कम मामले निरसा के पॉलटेक्निक कॉलेज में लगे शिविर में आये। यहां कुल 44 आवेदन पुलिस के खिलाफ आये। जबकि जोड़ापोखर टाटा कम्युनिटी सेंटर में कुल 45 मामले आये। इनमें 30 पुलिस से संबंधित व 15 दूसरे विभाग के थे। कतरास राजस्थानी धर्मशाला में लगे शिविर में कुल 46 मामले आये, जिसमें से पुलिस संबंधित आठ और अन्य 38 आये। धनबाद के अभय सुंदरी बालिका उच्च विद्यालय में 52 मामले आये। इनमें से मात्र तीन पुलिस से संबंधित व 49 अन्य विभागों के थे। इधर गोविंदपुर के अल इकरा कॉलेज में कुल 126 मामले आये जिसमें 41 पुलिस व 85 दूसरे विभाग से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए।

**सभी स्टॉल पर मौजूद थी पुलिसः** अभय सुंदरी स्कूल में धनबाद लॉ एंड ऑर्डर नौशाद आलम स्वयं मौजूद थे। इस दौरान धनबाद थाना में सबसे ज्यादा 20 मामले, साइबर में एक, महिला थानामें दो, सरायढेला में छह, धनसार में नौ, बैंक मोड़ में आठ, भूली ओपी में दो, जोगता में दो, लोयाबाद व भागाबांध में एक एक मामला आया। जबकि कई थाना में एक भी आवेदक नहीं आये।

### जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में आयीं 106 समस्याएं, 10 का निबटारा

**रामगढ़ :** जिले के सिदो-कान्हू मैदान में झारखंड पुलिस की अनूठी पहल जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डीसी चन्दन कुमार व एसपी अजय कुमार की मौजूदगी में लोगों की शिकायतें सुनी गईं। कुछ का निबटारा भी किया गया। कार्यक्रम में कुल 106 लोगों ने अपनी शिकायतें रखीं। पुलिस पदाधिकारियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 10 मामलों का ऑन स्पॉट निबटारा किया। कार्यक्रम में रामगढ़ जिला मुख्यालय डीएसपी, एसडीपीओ, पतरातू के प्रशिक्षु डीएसपी, परिचारी प्रवर पुलिस केन्द्र, मांडू पुलिस इंस्पेक्टर, पतरातू सीओ समेत जिले के सभी थाना व ओपी प्रभारी पूरी टीम के साथ मौजूद रहे।

# एक जनवरी से बदल जायेगें रांची रेल मंडल से चलने वाली ट्रेनों के नंबर

मेट्रो रेज

**रांची:** रांची रेल मंडल से चलने वाली ट्रेनों के नंबर बदले जायेगे। जिसके तहत पहले चरण के लिए 26 ट्रेनों को शामिल किया गया हैं। दरअसल इन ट्रेनों को स्थायी ट्रेन में परिवर्तित कर दिया गया हैं। जिसके कारण इन ट्रेनों के नंबर बदले जा रहे हैं। यह व्यवस्था 1 जनवरी 2025 से लागू हो जायेगे। वहीं दूसरे चरण के तहत दो ट्रेनों के नंबर में एक मार्च 2025 से बदलाव होगे। रांची रेल मंडल ने इस बाबत इन ट्रेनों की सूची को जारी कर दिया हैं। सीनियर डीसीएम सह सीपीआओ निशांत कुमार ने बताया कि परिवर्तन दो चरणों में होंगे। पहले चरण के तहत एक जनवरी से 26 ट्रेनों के नंबर में बदलाव होगे। वहीं, दूसरे चरण के तहत एक मार्च से दो ट्रेनों के नंबर को बदला जायेगा।



**पहला चरण : एक जनवरी 2025 से परिवर्तन होने वाले ट्रेनों की सूची**

| क्रम संख्या | ट्रेन का नाम | वर्तमान ट्रेन संख्या | परिवर्तित ट्रेन संख्या |
|---|---|---|---|
| 01 | टाटानगर- बरकाकाना पैसेंजर | 08151 | 58023 |
| 02 | बरकाकाना- टाटानगर पैसेंजर | 08152 | 58024 |
| 03 | बोकारो स्टील सिटी -रांची पैसेंजर | 08695 | 58033 |
| 04 | रांची- बोकारो स्टील सिटी पैसेंजर | 08696 | 58034 |
| 05 | हटिया-राउरकेला पैसेंजर | 08149 | 58659 |
| 06 | राउरकेला - हटिया पैसेंजर | 08150 | 58660 |
| 07 | हटिया - सांकी पैसेंजर | 08607 | 58663 |
| 08 | सांकी - हटिया पैसेंजर | 08608 | 58664 |
| 09 | हटिया - सांकी पैसेंजर | 08617 | 58665 |
| 10 | सांकी - हटिया पैसेंजर | 08618 | 58666 |
| 11 | बोकारो स्टील सिटी - बर्द्धमान मेमू पैसेंजर | 03595 | 63520 |
| 12 | बर्द्धमान - बोकारो स्टील सिटी मेमू पैसेंजर | 03519 | 63519 |
| 13 | टाटानगर - हटिया मेमू पैसेंजर (वाया - तिरुलडीह) | 0819 | 68035 |
| 14 | हटिया - टाटानगर मेमू पैसेंजर (वाया - तिरुलडीह) | 08196 | 68036 |
| 15 | रांची - आसनसोल मेमू पैसेंजर | 03597 | 63597 |
| 16 | आसनसोल -रांची मेमू पैसेंजर | 03598 | 63598 |
| 17 | रांची - लोहरदगा मेमू पैसेंजर | 08687 | 68017 |
| 18 | लोहरदगा -रांची मेमू पैसेंजर | 08688 | 68018 |
| 19 | रांची - टोरी मेमू पैसेंजर | 08689 | 68027 |
| 20 | टोरी - रांची मेमू पैसेंजर | 08690 | 68028 |
| 21 | रांची - लोहरदगा मेमू पैसेंजर | 08693 | 68037 |
| 22 | लोहरदगा - रांची मेमू पैसेंजर | 08694 | 68038 |
| 23 | रांची - लोहरदगा मेमू पैसेंजर | 08691 | 68039 |
| 24 | लोहरदगा - रांची मेमू पैसेंजर | 08692 | 68040 |
| 25 | आद्रा - बरकाकाना मेमू पैसेंजर | 08641 | 68041 |
| 26 | बरकाकाना -आद्रा मेमू पैसेंजर | 08642 | 68042 |

## महताब आलम ने जरूरतमंदों के बीच बांटा कंबल



मेट्रो रेज

**रांची :** इकरार मस्जिद स्थित रतन टॉकीज चौक में पूर्व प्रत्याशी महताब आलम की ओर से असहाय व जरुरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। सत्यभारती के मेराज अंसारी , एजाज गद्दी ,गुलजार भाई, इनायत उल्ला के हाथों कंबल का वितरण किया गया। इस दौरान महताब आलम ने कहा कि रेड सत्य भारती से जुड़े लोग हमेशा जरूरतमंद व असहाय लोगों की सेवा में तत्पर रहते हैं। ठंड के बढ़ते मौसम में गरीब व असहाय की परेशानी को देखते हुए समय पर हम लोगों के द्वारा मदद पहुंचाई जा रही है जो काफी सराहनीय कार्य है। कड़ाके की ठंड में असहायों की सेवा ही मानवता की सेवा है। एजाज गद्दी ने कहा कि सोसायटी हमेशा लोगों की समस्याओं को दूर करने का हर संभव प्रयास करता है। मौके पर मौजूद हाजी तनवीर आलम मानव सेवा करना परम धर्म है। इस अवसर पर 100 बुजुर्ग वृद्ध व जरूरतमंद लोगों को कंबल दिया गया।

## कीनन स्टेडियम में वेटरन्स टी-20 प्रतियोगिता शुरू





मेट्रो रेज

**रांची:** एसओसी, ईजेडसीएल और वीसीआई के संयुक्त बैनर तले चालीस साल से ज्यादा उम्र के खिलाड़ियों का टी-20 क्रिकेट टूर्नोमेंट जमशेदपुर के कीनन स्टेडियम में शुरू हो गया है। टूर्नोमेंट का फाइनल 21 दिसंबर को खेला जाएगा। शाम चार बजे पारितोषिक वितरण किया जाएगा। यह टूर्नोमेंट वेटरन्स इंडिया क्रिकेट फाउंडेशन से मान्यता प्राप्त है। टाटा स्टील और टीएफए ने इस टूर्नोमेंट को अपना सहयोग दिया है।

## सड़क दुर्घटना पर रोक लगाने के लिए सड़क बनाएगा एनएचएआई : चंद्र प्रकाश चौधरी

**जैना मोड़ से देवघर व गोला से रामगढ़ तक फोरलेन सड़क का हो निर्माण, गिरिडीह सांसद मिले भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण अध्यक्ष से**



**रांची/नई दिल्ली:** आजसू पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष व गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने अपने संसदीय क्षेत्र के साथ-साथ झारखंड में पड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग की सड़कों को दुरुस्त करने, फोरलेन सड़क, फुट ओवर ब्रिज, अंडर पास का निर्माण करने व सड़क निर्माण के लिए अधिग्रहित किए गए भूमि का भुगतान करने के साथ -साथ रांची रामगढ़ मार्ग में पड़ने वाले चुटूपालू पाली घाटी में आए दिन होने वाली सड़क दुर्घटना को रोकने के विषय पर भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचए आई) के अध्यक्ष संतोष कुमार यादव से नई दिल्ली में मिलकर चर्चा की और उनसे स्थायी समाधान निकालने की अपेक्षा जतायी। सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने चर्चा के दौरान उनका ध्यान जैना मोड़ से देवघर वाया बेरमो, नावाडीह, डुमरी, ससारखों, नारायणपुर मधुबन व गिरिडीह तक में फोरलेन सड़क का निर्माण कराने, गोविंदपुर से गिरिडीह तक सड़क को फोरलेन करने, डुमरी मोड़ केवी हाई स्कूल के सामने व आईबीपी गूझाडीह मोड़ में फुट ओवर ब्रिज का निर्माण कराने, कराने पर आकृष्ट कराया। साथ ही उन्होंने तोपचांची प्रखंड के 12 नंबर कोटलडीह और जरीडीह प्रखंड में सड़क निर्माण में बांधडीह में दक्षिण पंचायत के टोला मांझीडीह चौक के पास अंडर पास का निर्माण कराए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया। सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने राजगंज के लोहपट्टी में किए गए जमीन अधिग्रहण का अब तक भुगतान नहीं होने के मामले को रखते हुए भुगतान सुनिश्चित करने पर जोर दिया। मिलने सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी की बातों को ध्यान पूर्वक सुनने के बाद प्राधिकरण के अध्यक्ष ने उन्हें इस बात के लिए आश्वस्त किया की प्राधिकरण के रांची क्षेत्रीय कार्यालय को इस विषय पर जरूरी दिशा निर्देश देते हुए स्थल निरीक्षण कर फिजिबिलिटी रिपोर्ट मांगी जाएगी। सभी संबंधित विषयों व मांगों पर सकारात्मक रूप से कार्यवाही की जाएगी। साथ ही उन्होंने चुटू पाली में आए दिन होने वाले दुर्घटनामें हो रही जान माल की क्षति को रोकने पर सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी को इस बात से अवगत कराया की लोगों को जागरूक करने की जरूरत है। वाहन चालक ज्यादा गति से नहीं चल न्यूट्रल में नहीं चलाएं और ओवरलोडिंग भी नहीं हो इस पर भी ध्यान रखने की जरूरत है सड़क दुर्घटना नहीं हो इसको लेकर कई कदम उठाए जा रहे हैं जहां तक एलाइनमेंट व जांच का विषय है तो इस पर भी जरूरी

## झारखंड प्रशासनिक सेवा के नौ अधिकारी जल्द बनेंगे आईएएस, प्रमोशन की प्रक्रिया शुरू

**रांची:** केंद्र सरकार की सहमति मिलने के बाद आईएएस बनने का नोटिफिकेशन जारी हो जाएगा। इसमें अमूमन 10 से 15 दिनों का समय लगेगा। झारखंड पब्लिक सर्विस कमीशन यानी झारखंड प्रशासनिक सेवा (जेएएस) के अधिकारियों के लिए बड़ी खुशखबरी। नौ अधिकारी जल्द ही आईएएस में प्रोन्नत होंगे।

नई दिल्ली में बुधवार को यूनियन पब्लिक सर्विस कमिशन के साथ मुख्य सचिव अलका तिवारी व अन्य अधिकारियों की हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। इस मीटिंग में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अविनाश कुमार, कार्मिक सचिव प्रवीण टोप्पो भी मौजूद रहे। यह सभी रिक्तियां साल 2023 की हैं। केंद्र सरकार की अनुमति मिलते ही जारी होगा नोटिफिकेशनः जानकारी दी गई है कि प्रोन्नति संबंधी अनुमति मिलने के बाद यूपीएससी अब चयनित अधिकारियों के नामों का पैनल डीओपीटी को भेजेगा।

केंद्र सरकार की सहमति मिलने के बाद आईएएस बनने का नोटिफिकेशन जारी हो जाएगा। इसमें अमूमन 10 से 15 दिनों का समय लगेगा। केंद्र को भेजा गया था 30 अधिकारियों का पैनलः बता दें कि राज्य सरकार ने विभिन्न विभागों में कार्यरत वरीय झाप्रसे के 30 अधिकारियों के नामों का पैनल यूपीएससी को भेजा था। अधिकारियों को आईएएस में प्रोन्नत करने के लिए बोर्ड मीटिंग में विस्तृत चर्चा हुई। इसमें नौ अधिकारियों को आईएएस बनाने पर सहमति दी गई। यह अधिकारी हैं- सुधीर दास, सुधीर बाड़ा, अनिल कुमार तिर्की, पशुपतिनाथ मिश्रा, राजकुमार गुप्ता, नीलम लता, संजय कुमार, पवन मंडल और शैल प्रभा कुजूर।

## झारखंड में कहर बरपाएगी ठंड, मौसम विभाग ने जारी किया येलो अलर्ट

**रांची:** झारखंड में कड़ाके की ठंड पड़ने से जन-जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। पूरे राज्य में शीतलहर का प्रकोप जारी है। इस बीच मौसम विभाग के अनुमान के मुताबिक राज्य के कई इलाकों में 20 और 21 दिसंबर को हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश के साथ घना कोहरा छाया रहेगा। मौसम विभाग ने कोहरे और ठंड का येलो अलर्ट जारी किया है।

**राज्य में दो दिन होगी बारिश, बढ़ेगी ठिठुरनः** झारखंड में 20 और 21 दिसंबर को बारिश के साथ कोहरे की भी चेतावनी मौसम विभाग ने जारी की है। इसके बाद मौसम साफ रहेगा लेकिन सुबह कोहरा छाए रह सकता है। बारिश के बाद एक बार फिर पारा निचे जाएगा जिससे कि ठंड में वृद्धि हो जाएगी।

## मदरसा बोर्ड व उर्दू अकादमी का जल्द होगा गठन : हफीजुल हसन

**रांची:** राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में अल्पसंख्यक कल्याण के लिए जितने कार्य किये हैं, उतने कार्य पहले कभी नहीं हुए थे। सरकार अल्पसंख्यक समुदाय के शैक्षणिक विकास के लिए कई योजनाएं चला रही है। अल्पसंख्यक समुदाय से किये गये सभी वादों को पूरा किया है। सरकार मदरसा बोर्ड एवं उर्दू अकादमी का जल्द गठन करेगी।

**कार्यालय, भूमि संरक्षण पदाधिकारी, सिमडेगा।**

**शुद्धि पत्र**


भूमि संरक्षण कार्यालय, सिमडेगा द्वारा प्रकाशित अल्पकालिन निविदा PR No -342115 (Simdega)24-25*D के कार्य विवरण कॉलम के क्रमांक 3 में अंकित प्रखण्ड – कालेबिरा के स्थान पर केरसई पढ़ा जाय। उक्त निविदा की शेष कंडिकाएं यथावत रहेगी।

भूमि संरक्षण पदाधिकारी,
सिमडेगा।

PR 342333 (Simdega) 24-25 (D)

# रांची में इस साल भी होगी अफीम की बंपर फसल, खेती शुरू

मेट्रो रेज



**रांची:** राजधानी रांची में इस साल भी अफीम की फसल लहलहाने वाली है। क्योंकि इसकी खेती दिसंबर के पहले हफ्ते से रांची में भी शुरू हो गई है। उक्त जानकारी स्पेशल ब्रांच ने 17 दिसंबर को रांची एसएसपी को दी है। स्पेशल ब्रांच की ओर से दी गई जानकारी में बताया गया है कि रांची के अनगड़ा थाना क्षेत्र में 11 गांवों में इसकी खेती की जा रही है। सबसे अहम जानकारी ये दी गई है कि ये अफीम की ये खेती वन भूमि में चोरी छिपे जंगलों के बीच की जा रही है ताकि पुलिस व आम लोगो की नजर इसपर ना पड़े। स्पेशल ब्रांच की ओर से भेजे गए पत्र में एसएसपी राँची को बताया गया है कि इन जगहों पर जाकर अफीम की खेती को नष्ट किया जाए। इसकी जानकारी एसएसपी के अलावा डीजीपी, सीआईडी, आईजी, डीआईजी राँची प्रक्षेत्र और सहायक आयुक्त उत्पाद को भी दी है। अगर तत्काल इन अफीम के पौधों को नष्ट नहीं किया गया तो इन पौधे से तीन महीनों बने फल से अफीम निकाल लिया जाएगा।

**अंबाझरिया में सबसे अधिक 12 एकड़ वन भूमि में खेती:** स्पेशल ब्रांच की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार अनगड़ा थाना क्षेत्र में करीब 60 वन भूमि में अफीम की खेती की जा रही है। सबसे अधिक अंबाझरिया में 12 एकड़ वन भूमि में अफीम के पौधे लगाए गए है। इसके अलावा जामटोली में 3 एकड़ वन भूमि में अफीम की खेती की गई है। वहीं कोचे टोली में 2.5 एकड़ वन भूमि में, कोन्ता टोली में 3 एकड़ वन भूमि में, पुरना डीह में 4 एकड़ भूमि में, कनकट्टा में 3 एकड़ वन भूमि में, ईरीसेरेंग में 2 एकड़ वन भूमि में, सताकी में 10 एकड़ वन भूमि में, कोम्बो में 5 एकड़ वन भूमि में, जराडीह में 4 एकड़ वन भूमि में, और डुमरगढ़ी में 8 एक-ड़ वन भूमि में अफीम की खेती की जा रही है।

**दिसंबर से शुरू होती है खेती, मार्च के मध्य में निकल जाता है अफीमः** अफीम की खेती दिसंबर के पहले हफ्ते में शुरू हो जाती है। तीन माह में इसकी फसल तैयार हो जाती है। माफिया मार्च के मध्य तक अफीम फलों से निकाल लेते है। अप्रैल में इसे माफिया बेचने लगते है। राजधानी रांची में पहले अफीम की खेती नहीं होती थी। लेकिन पिछले पांच छह वर्षों से राँची के भी कई इलाकों में अफीम के पौधे लहलहाने लगे है। रांची के बुंडू,और अनगड़ा में सबसे अधिक अफीम की खेती की जा रही है। इसके अलावा नामकुम व राहे में भी अफीम की खेती बड़े पैमाने पर की जा रही है। राँची पुलिस ने दो दिन पहले राहे में फुलवार, बहराबेड़ा, कपिडीह के जंगल में लगे सात एकड़ में और दशम थाना क्षेत्र में मुगीर्डीह में दो एकड़ में लगे अफीम की पौधों को अभियान चलाकर को नष्ट किया था।

**तीन लाख रुपए किलो बिक रहा है अफीम, इसलिए युवा इसमें ज्यादाः** जिन इलाकों में अफीम की खेती की जा रही है उसमें सबसे ज्यादा बेरोजगार युवा शामिल है। तीन माह का समय इस खेती में लगता है। एक किलो अफीम बेच कर तीन लाख रुपए कमाई हो जाती है। इसलिए चार पांच के ग्रुप में वन भूमि में इसकी खेती की जा रही है। ये वन भूमि खेती के लिए उन जगहों में तैयार की जा रही है जो आम लोगों की पहुंच से दूर रहती है और आसपास में सिंचाई के लिए जल स्रोत रहते है।

**RURAL WORKS DEPARTMENT, GOVT. OF JHARKHAND**
**JHARKHAND STATE RURAL ROADS DEVELOPMENT AUTHORITY (JSRRDA)**
F.F.P. building, 3rd Floor, HEC Campus, Ranchi - 834004
e-Tender No. –54 Dated – 18.12.2024

**NOTICE FOR EMPANELMENT OF TRAVEL AGENCIES**

Jharkhand State Rural roads Development Authority (JSRRDA) an authority under RWD implementing Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna (PMGSY) in the State invites application for empanelment of Travel Agencies for providing **Air Conditioned/ Non-AC Vehicles having Commercial Registration in Jharkhand only** on monthly rental and daily (call) basis. The Technical & Financial Part shall be submitted in separate sealed envelopes to the office of undersigned on working days up to 3:00 PM on or before 30.12.2024. The applications will be opened on 30.12.2024 at 4:00 PM in presence of the applicants who desire to be present. Detail information is available on pmgsytenders.gov.in and Notice Board of IPRD.

Engineer-in-Chief
JSRRDA, Ranchi.

PR 342334 Rural Work Department (24-25)D

## सूक्ति

**उठो और तब तक चलो जब तक की तुम्हें तुम्हारी मंजिल नहीं मिल जाती है। - विवेकानंद**

## बेरोजगारी से स्वरोजगार की ओर

आवधिक श्रम बल सर्वे रपट के अनुसार, देश में बेरोजगारी घट रही है और मौजूदा दर 3.2 फीसदी पर ठहर गई है। यह डाटा सरकारी है, लिहाजा उसे ही विश्वसनीय आधार मान कर आकलन किए जाते हैं। भारत में बेरोजगारी दर अमरीका, यूरोप, चीन, अरब देश की तुलना में सबसे कम है, लेकिन आज भी गोवा, पंजाब, राजस्थान, केरल आदि राज्यों में बेरोजगारी राष्ट्रीय औसत से अब भी अधिक है। यदि समुदायों का डाटा देखा जाए, तो अल्पसंख्यक सिखों में सबसे अधिक बेरोजगारी है। हिंदू और सवर्ण भी काफी बेरोजगार हैं। हालांकि बीते छह सालों में बेरोजगारी दर आधी रह गई है। सुखद यह है कि 25 राज्यों और संघशासित क्षेत्रों में काम करने वालों अथवा काम तलाश करने वालों की दर राष्ट्रीय औसत से अधिक है। यह दर सिक्किम में सर्वाधिक 60.5 फीसदी है। छत्तीसगढ़ में यह दर 51.3 फीसदी है, जबकि गुजरात और महाराष्ट्र में क्रमशः 45.2 फीसदी और 44.5 फीसदी है। राजस्थान और पंजाब में कामकाजी आबादी की दर 40 फीसदी से अधिक है, लेकिन बिहार, उप्र, झारखंड जैसे राज्यों में यह दर सबसे कम है। जब आवधिक श्रम बल सर्वे की रपट का अध्ययन करते हैं, तो महिलाओं की श्रम-बाजार में हिस्सेदारी लगातार बढ़ रही है। इसी के साथ स्व-रोजगार का रुझान भी बढ़ा है। भारत में स्व-रोजगार की परिभाषा और क्षेत्र ही सवालिया हैं। रेहड़ी-पटरीवालों से लेकर परचून के दुकानदार, कृषि और लघु, सूक्ष्म उद्यमी सभी स्व-रोजगार की परिधि में आते हैं, लिहाजा उनकी आय अलग-अलग है। स्व-रोजगार के तहत जो स्थितियां लघु और सूक्ष्म उद्योगों की चीन में है, उसकी तुलना में भारत काफी पीछे है। रपट खुलासा करती है कि यदि एक नौकरीपेशा व्यक्ति को 21,000 रुपए से अधिक माहवार वेतन मिलता है, तो स्व-रोजगार वाले की औसतन आय 17,000 रुपए से कुछ अधिक है। जाहिर है कि कोई व्यक्ति नियमित और निश्चित आय वाली नौकरी छोड़ कर कम आय वाले और बेहद असुरक्षित स्व-रोजगार में जाना पसंद नहीं करेगा। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार स्व-रोजगार को प्रोत्साहन देती रही है, लेकिन उसकी परिस्थितियां बदलनी चाहिए, ताकि स्व-रोजगार से भी बेहतर आमदनी प्राप्त की जा सके।

देश में स्व-रोजगार वाले 58.4 फीसदी लोग हैं, नौकरी वाले 21.7 फीसदी और दिहाड़ीदार 19.8 फीसदी लोग हैं। स्व-रोजगार वाले 39 फीसदी लोग अकेले ही काम करते हैं, जबकि 19.4 फीसदी अपने परिवार के कारोबार में हाथ बंटाते हैं। उन्हें अलग से कोई वेतन नहीं दिया जाता। कृषि क्षेत्र में सबसे ज्यादा 82 फीसदी स्व-रोजगार वाले हैं। करीब 17 फीसदी दिहाड़ीदार भी खुद को स्व-रोजगारी मानते हैं। देश में स्व-रोजगार वाले सर्वाधिक 72.9 फीसदी अरुणाचल प्रदेश में हैं। उप्र में भी 72.7 फीसदी स्व-रोजगारी हैं। इस रपट के जरिए एक आश्चर्यजनक डाटा सामने आया है कि हरियाणा में चुनाव से कुछ दिन पहले ही सार्वजनिक किया गया है कि हरियाणा में बेरोजगारी सबसे अधिक घटी है। सर्वे के मुताबिक, यह दर 3.4 फीसदी है, जो 2022-23 में 6.1 फीसदी थी। तब गोवा की यह दर सर्वाधिक 9.7 फीसदी होती थी। मप्र एकमात्र ऐसा राज्य है, जहां बेरोजगारी दर 0.9 फीसदी है। इस सूची में दूसरे स्थान पर गुजरात (1.1 फीसदी) और तीसरे स्थान पर झारखंड (1.3 फीसदी) है। बहरहाल यदि स्व-रोजगार के क्षेत्र में सुधार लाए जाएंगे, तो औसत नौकरी के लिए मारा-मारी भी कम होगी, नतीजतन बेरोजगारी दर भी कम होती रहेगी। यह तथ्य भी सामने आया है कि नौकरीपेशा को वेतन के अलावा अन्य सुविधाएं भी न देनी पड़ें, लिहाजा नियोक्ता 61.1 फीसदी कर्मचारियों को नियुक्ति-पत्र ही नहीं देते हैं। दूसरी तरफ दिहाड़ीदार मजदूरों की संख्या कम होती जा रही है, जाहिर है कि कल-कारखानों में उत्पादन, निर्माण घटा है अथवा लघु उद्योग निष्क्रिय होते जा रहे हैं। नतीजा यह है कि जो मजदूर बेरोजगार होते हैं, वे अपने गांव या पैतृक स्थान लौटने लगते हैं। फिर वे खेती या अन्य पारिवारिक कारोबार में काम करने लगते हैं। बुनियादी तौर पर ऐसे लोग बेरोजगार हैं, लेकिन सरकारी डाटा में उन्हें स्व-रोजगारी बताया गया है। सबसे चिंतित डाटा यह है कि 15-29 आयु वर्ग में जो बेरोजगार होते हैं, वे औसत बेरोजगारी दर से तीन गुना अधिक हैं और वह संख्या बीते एक अंतराल से घट नहीं पा रही है। बेरोजगारी के मुद्दे पर मृग-मरीचिका वाली स्थिति भी है, लिहाजा उन भ्रमित आंकड़ों समेत विश्लेषण किया जाना चाहिए। मोदी सरकार के पिछले दस सालों के कार्यकाल में कितने युवाओं को सरकारी नौकरियां, स्वरोजगार और निजी क्षेत्र में रोजगार दिया गया, इस संबंध में स्पष्ट रूप से आंकड़े सामने आने चाहिएं। यह विश्लेषण करने की जरूरत है कि एनडीए ने जितने रोजगार का वादा किया था, क्या उस हिसाब से रोजगार दिया गया? हालांकि यह सत्य है कि केंद्र सरकार के कुछ विभागों में मैरिट के आधार पर युवाओं को अनुबंध नियुक्तियां जरूर दी गई हैं।

## पुस्तकालय की आवश्यकता

पुस्तकालयों की छांव में अध्ययन की परिपाटी और भविष्य के पालन-पोषण में संस्थान का महत्त्व बदल रहा है। पुस्तकालय अब अध्ययन की गंध को सहेजे किताब नहीं, बल्कि माहौल की साधना में भविष्य के पठन पाठन की ऐसी प्रकिया है, जिसे युवा स्वयं चुन रहे हैं। ऐसे में शिक्षा विभाग द्वारा शुरू की गई पुस्तकालयों की रैंकिंग से नवचेतना के आकाश पर इसकी संरचना सशक्त हो सकती है। अब पुस्तकालयों का ग्रेड उन्हें खास महत्त्व व पहचान दिलाएगा। दरअसल कुछ सार्वजनिक पुस्तकालयों के अध्ययन कक्ष पिछले सालों में शिक्षा के गंभीर अध्यायों के सहयोगी बन गए हैं। पढ? की कला और विषयों का अध्ययन इस दौरान पुस्तकालयों को जीवंत कर गया। लाइब्रेरी अब सीधे युवाओं से संबोधित होने लगी है और जहां भविष्य के प्रति युवाओं की आंतरिक ऊर्जा, संकल्प और अध्यवसाय पारंगत होकर बाहर आने लगा है। कभी पुस्तकालय आंदोलन से साहित्य की पताका निकलती थी और अतिरिक्त पठन-पाठन की श्रृंखला में युग अपने आईनों को पुस्तकों में निहारता था, लेकिन अब भविष्य के सारे महायज्ञ लाइब्रेरी में होने लगे हैं। यह दौर कुछ और आगे बढकर डिजीटल युग के समाधानों में पुस्तकालय की जरूरत को युवा महत्त्वाकांक्षा के साथ बांध रहा है। यही कारण है कि धर्मशाला जैसे शहर में करीब दो दर्जन निजी पुस्तकालयों में सुविधाएं और माहौल मुंहमांगे दाम में बिक रहे हैं। पुस्तकालय अब परिसर और चौबीस घंटे के अवसर में व्यक्तित्व विकास के हर आयाम में साक्षी बन रहे हैं। धर्मशाला का जिला पुस्तकालय पिछले एक दशक से युवा हाजिरी का ऐसा पैमाना हासिल कर चुका है, जहां सुबह किताबों की आंखें खुलती हैं, तो शिक्षण संस्थानों की औपचारिकता से हटकर युवा अपने भविष्य की घंटियां सुनते हैं। ऐसे अन्य सार्वजनिक पुस्तकालय भी हैं जहां महत्त्व के अलग-अलग पैमाने होंगे। खुशी की बात यह कि शिक्षा निदेशक युवा पगडंडियों से गुजर कर पुस्तकालयों के रास्तों को चौड़ा करना चाहते हैं। भविष्य में जो कार्य औपचारिक शिक्षा नहीं कर सकती, उसका नया ध्रुव व शिखर पुस्तकालय में तराशा जा सकता है, बशर्ते ये अध्ययन संस्थान की परिपाटी में विकसित किए जाएं। बेशक पुस्तकालयों की रैंकिंग से विभाग अपनी दिशा व प्राथमिकता तय कर सकता है, लेकिन आदर्श पुस्तकालयों का निर्माण व प्रबंधन अब नई विधा है।

# तार्किक पाठ्यक्रम समय की मांग

**एनसीईआईआरटी से अपेक्षा है कि वह वर्तमान विवाद से अप्रभावित रहते हुए छात्रों के ऐतिहासिक दृष्टिकोण के विकास से संबंधित पाठ्यक्रम का विकास करेगी, न कि तथ्यों के चयन में छात्रों को उलझाएगी। पाठ्य पुस्तकें किसी देश की सरकार द्वारा दिया गया आधिकारिक कथन होती हैं।**

**प्रियंका सौरभ**

एनसीईआरटी कक्षा छह से दस तक की इतिहास, समाजशास्त्र और राजनीति विज्ञान की पाठ्यपुस्तकों में बदलाव कर रहा है। एक मजबूत शिक्षा प्रणाली में शिक्षण सामग्री का संशोधन पाठ्यक्रम के लिए समान होना चाहिए। लेकिन भारत में स्कूली पाठ्यक्रम हमेशा नवीनतम शोध के साथ तालमेल बनाए रखते हैं। पक्षपातपूर्ण या संकीर्ण दृष्टिकोण से बचने के लिए स्वतंत्रता के बाद से, हमारी स्कूली पाठ्यपुस्तकें अकसर कला, साहित्य, दर्शन, शिक्षा, विज्ञान, प्रौद्योगिकी और आर्थिक विकास में भारत की प्रगति को मान्यता देने से बचती हैं। पहले की पाठ्यपुस्तकें भारतीय इतिहास के बारे में एक ऐसा दृष्टिकोण बनाती हैं जो विश्व की सभ्यता पर भारत के गहन प्रभाव को दबा देती है। इसके परिणामस्वरूप हमारी राष्ट्रीय पहचान और ऐतिहासिक कथा के बारे में एक विषम धारणा बनती है। स्कूली विद्यार्थियों को कम उम्र में ऐतिहासिक घटनाओं और संघर्षों की आक्रामकता के संपर्क में लाना उन्हें संकट में डाल सकता है। स्कूली पाठ्यक्रम में शिक्षा के अनुचित चरणों में ऐतिहासिक संघर्षों का परिचय, बच्चों के दिमाग में व्यापक ऐतिहासिक संदर्भ की कमी की धारणा को अमर कर सकता है। एक संतुलित कथा बच्चों के दिमाग में दुश्मनी और पूर्वाग्रह पैदा करने के जोखिम को कम करती है।

एकतरफा ऐतिहासिक तथ्य स्कूली बच्चों के बीच सामाजिक सामंजस्य और आपसी सम्मान में बाधा डालेंगे। सार्थक पाठ्यपुस्तक संशोधनों का विरोध एक पुरानी संकीर्ण वैचारिक विचार प्रक्रिया को दर्शाता है, जो भविष्य में ऐतिहासिक शिकायतों और शत्रुता को शाश्वत बनाता है। एक संतुलित, विश्वसनीय और भरोसेमंद ऐतिहासिक कथा, संघर्ष समाधान और आपसी सम्मान के सकारात्मक उदाहरणों को रेखांकित करती है। यह छात्रों को अपने जीवन में सकारात्मक उदाहरणों और सिद्धांतों को लागू करने के लिए प्रेरित करती है। स्कूली छात्रों को एक संतुलित इतिहास पढ़ाना जो संघर्ष-आधारित कथाओं को कम करता है, उन्हें भारत की विरासत के बारे में बेहतर जानकारी के साथ जिम्मेदार और सहानुभूतिपूर्ण नागरिक बनने में सक्षम बनाता है। ऐसी पाठ्य पुस्तकें बच्चों में संज्ञानात्मक और भावनात्मक आधार बनाती हैं, जो भविष्य के आलोचनात्मक विश्लेषण के लिए आवश्यक है। संतुलित कथाओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए स्कूली पाठ्यपुस्तकों को संशोधित करने का कोई भी प्रयास अंत नहीं बल्कि एक शुरूआत है। छात्रों को ऐसी संतुलित पाठ्यपुस्तकों से जो आधार मिलता है, वह उन्हें बाद के वर्षों में एक गहरी ऐतिहासिक समझ बनाने में मदद करेगा। स्कूली पाठ्यपुस्तकों को छात्रों की उभरती जरूरतों को पूरा करने में उत्तरदायी होने के लिए बदलते समय के साथ तालमेल बिठाने की जरूरत है।

पाठ्य पुस्तकों में क्या पढ़ाया जाए और क्या न पढ़ाया जाए, इसकी चर्चा लगातार होती रही है, क्योंकि स्कूल की पाठ्यपुस्तकें ही वह माध्यम हैं, जिनके द्वारा सुविधाजनक विमर्श को आगे बढ़ाया जा सकता है। विवाद तब होता है, जब एक विमर्श आपके लिए सुविधाजनक होता है और दूसरे वर्ग के लिए असुविधाजनक। वर्तमान में इतिहास की पाठ्य पुस्तकों में किए गए कुछ बदलावों से संबंधित विवाद को भी उसी संदर्भ में देखना चाहिए, जब एक वर्ग का सुविधाजनक दृष्टिकोण दूसरे वर्ग के विमर्श के अनुरूप नहीं होता है। देखा जाए तो इस प्रकार का विवाद पहली बार नहीं हुआ है। भारत के शैक्षणिक इतिहास में इस प्रकार के विवाद पहले भी होते रहे हैं। विश्व भर की शिक्षा व्यवस्थाएं अपने-अपने देश के पाठ्यक्रम को समझ और तार्किक दृष्टिकोण पर आधारित बनाना चाह रही हैं, वहीं हमारे देश में विवाद इस बात पर हो रहा है कि किस पक्ष का तथ्य सही है? यहां असुविधाजनक तथ्य को वृत्तांत की सहायता से सदैव छुपाने का प्रयास रहता है। इतिहास को न केवल तथ्यों से समझा जा सकता है और न केवल वृत्तांतों से। इसलिए यह आवश्यक है कि दोनों का उचित मात्रा में समावेश हो, मगर हमारे देश में इतिहास लेखन की शैली में तथ्य और वृत्तांत का विभाजन काफी बारीक है। इस विषय के पुनरावलोकन की आवश्यकता है। जहां पूरे विश्व की शैक्षणिक व्यवस्थाएं अपने स्वरूप को बदल रही हैं और छात्रों को तथ्यों से भरने के बजाय उन्हें इतिहास आधारित दृष्टिकोण से युक्त करने पर जोर दे रही हैं, जिससे छात्रों में इतिहास के प्रति एक वस्तुनिष्ठ दृष्टिकोण विकसित हो सके। आज के तकनीकी दौर में इतिहास बोध होने पर छात्र स्वयं ही ऐतिहासिक तथ्यों की पड़ताल कर सकता है।

किसी देश की शिक्षा व्यवस्था के लिए आवश्यक है कि वह अपने छात्रों को तथ्य आधारित, वस्तुनिष्ठ पाठ्य सामग्री उपलब्ध कराए, क्योंकि यही छात्र भविष्य के विमर्श को न केवल आगे बढ़ाते हैं, अपितु नए विमर्श की शुरूआत भी करते हैं। इसलिए यह आवश्यक है कि इतिहास में एकपक्षीय दृष्टिकोण से आगे बढ़कर चिंतन और तार्किक पाठ्यक्रम का विकास किया जाए। एनसीईआरटी से अपेक्षा है कि वह वर्तमान विवाद से अप्रभावित रहते हुए छात्रों के ऐतिहासिक दृष्टिकोण के विकास से संबंधित पाठ्यक्रम का विकास करेगी, न कि तथ्यों के चयन में छात्रों को उलझाएगी। पाठ्य पुस्तकें किसी देश की सरकार द्वारा दिया गया आधिकारिक कथन होती हैं। इस रूप में ये वैचारिक या सैद्धांतिक परियोजना होती है। इतिहास और राजनीति विज्ञान की पाठ्यपुस्तकों का पुनरीक्षण वैसे भी अधिक संवेदनशील होता है। ये विषम समकालीन प्रासंगिकता के मुद्दों पर विचार करने के लिए छात्रों को प्रोत्साहित करते हैं। उन्हें सामाजिक और राजनीतिक प्रक्रियाओं को इतिहास के पलड़े पर तौलकर, इतिहास और वर्तमान के बीच तार्किक सामंजस्य बनाना सिखाते है।

# बढ़ती जनसंख्या से परेशानी

**विशेषज्ञों ने इसके लिए खराब कार्यान्वयन प्रक्रियाओं, प्रभावी निगरानी की कमी, कुपोषण से निपटने का उदासीन दृष्टिकोण और बड़े राज्यों के खराब प्रदर्शन को दोषी ठहराया है। एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार भारत की 14 फीसदी आबादी कुपोषण की शिकार है। वैश्विक भूख सूचकांक में देशों को चार प्रमुख संकेतकों के आधार पर रैंकिंग दी जाती है।**

**आरके. सिन्हा**

जनसंख्या नियंत्रण पर कानून बनाने या इसका जब भी जिक्र होता है, तब हिंदू-मुस्लिम बहस छिड़ जाती है। कुछ मुस्लिम नेताओं का कहना है कि जनसंख्या नियंत्रण कानून मुस्लिम विरोधी है। लेकिन यह समय की मांग है कि बढ़ती आबादी से उत्पन्न हो रही चुनौतियों से निपटने के लिए योजना बने। विश्व जनसंख्या दिवस 11 जुलाई को प्रतिवर्ष मनाया जाने वाला एक वैश्विक उत्सव है। यह दिन पांच अरब का दिन (11 जुलाई 1987) की याद में मनाया जाता है, जब दुनिया की आबादी पांच अरब लोगों की हो गई थी। भारत में आजादी के समय कुल जनसंख्या 33 करोड़ थी जो 2011 की जनगणना के मुताबिक बढकर 125 करोड़ पहुंच गई थी। कोरोना महामारी के चलते 2021 की जनगणना का कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया था। डिजिटल पॉपुलेशन क्लॉक के अनुसार 05 जुलाई 2024 को भारत की जनसंख्या 1452962421 थी, जिसमें 750202835 पुरुष आबादी (51.6 फीसदी), महिला जनसंख्या 702759539 करोड़ (48.4 प्रतिशत) थी और विश्व की कुल जनसंख्या 8119703999 थी। इंडिया स्टेट डॉट कॉम के अनुमान के अनुसार 2030 तक भारत की कुल जनसंख्या 153 करोड़ और 2050 तक 168 करोड़ तक पहुंच जाएगी। विश्व की दूसरी सबसे बड़ी आबादी और दूसरी बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देश चीन ने लंबे समय तक एक बच्चा पैदा करने की नीति को सख्ती से लागू किया हुआ था। लगभग 143 करोड़ की आबादी वाले देश चीन में अब वहां की कम्युनिस्ट सरकार ने 3 बच्चों को अपनाने की नीति की घोषणा की है।

चीन जहां अपने यहां बढ़ती बूढ़ी आबादी और कम होती युवा श्रम शक्ति से परेशान है, तो वहीं भारत की 65 फीसदी युवा आबादी जहां भारत का संबल है, तो वहीं देश में बढ़ती बेरोजगारी जैसी बड़ी चुनौती का पर्याय भी है। भारत की बढ़ती जनसंख्या का असर वैश्विक भूख सूचकांक-2023 (ग्लोबल हंगर इंडेक्स) की रिपोर्ट में भी देखा जा सकता है, जिसमें 125 देशों की सूची में भारत 111वें स्थान पर है और भूख की गंभीर श्रेणी में है। इस इंडेक्स में भारत के पड़ोसी देशों- पाकिस्तान (102वें), बांग्लादेश (81वें), नेपाल (69वें) और श्रीलंका (60वें) ने भारत से बेहतर स्थान हासिल किया है। विशेषज्ञों ने इसके लिए खराब कार्यान्वयन प्रक्रियाओं, प्रभावी निगरानी की कमी, कुपोषण से निपटने का उदासीन दृष्टिकोण और बड़े राज्यों के खराब प्रदर्शन को दोषी ठहराया है। एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार भारत की 14 फीसदी आबादी कुपोषण की शिकार है। वैश्विक भूख सूचकांक में देशों को चार प्रमुख संकेतकों के आधार पर रैंकिंग दी जाती है- अल्पपोषण, बाल मृत्यु, पांच साल तक के कमजोर बच्चे और बच्चों का अवरुद्ध शारीरिक विकास। बढ़ती आबादी के पीछे अशिक्षा, अंधविश्वास, परिवार नियोजन के तौर-तरीकों में जागरूकता का अभाव और स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही जैसे बुनियादी कारण हैं। जनसंख्या वृद्धि के कारण नई पीढ़ी को भविष्य के लिए बुनियादी जरूरतों और सुविधाओं की कमी का सामना करना पड़ेगा। आज भी भारतीयों को बेरोजगारी, स्वास्थ्य संकट, भुखमरी, चिकित्सा सुविधाओं, कुपोषण, स्वच्छ पेयजल की कमी, बिजली-पानी के संकट और गरीबी से बुरी तरह से जूझना पड़ रहा है। इसके अलावा ग्रामीण आवास की समस्या, गंदा पानी और कूड़ा कचरा जैसी समस्याएं अलग से मुंह बाए खड़ी हैं। यदि समय रहते सरकारों ने आने वाली पीढ़ियों को सुंदर सुखी जीवन देने के लिए अभी से प्रयास शुरू नहीं किए भी भविष्य में भावी पीढ़ियों के समक्ष आपसी संघर्ष की परिस्थितियां निर्मित होना तय है। इसके साथ ही जनसंख्या नियंत्रण के अभाव में देश की आर्थिक स्थिति बिगड़ने से भी इंकार नहीं किया जा सकता है। जून 2024 में बेरोजगारी दर बढकर आठ महीने के उच्च स्तर 9.2 प्रतिशत पर पहुंच गई, जो पिछले महीने 7 प्रतिशत थी। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी (सीएमआईई) के आंकड़ों के अनुसार जून 2023 में यह दर 8.5 प्रतिशत थी। भारत में 70 के दशक में परिवार नियोजन कार्यक्रम चलाया गया था।

उस समय भी महिलाओं की नसबंदी पर ही ज्यादा ध्यान केंद्रित किया गया था। आपातकाल के दौरान व्यापक पुरुष नसबंदी अभियान चलाया गया था जिसमें एक साल के अंदर साठ लाख से ज्यादा लोगों की नसबंदी कर दी गई थी जिसका भारी विरोध भी हुआ था। यह वक्त का तकाजा है कि केंद्र एवं राज्य सरकारें जनसंख्या वृद्धि से पैदा हो रही चुनौतियों से निपटने के लिए एक सर्व स्वीकार्य कार्यक्रम सामने लेकर आएं ताकि भारतीय लोग परिवार नियोजन को स्वेच्छा से अपनाकर देश को आने वाली पीढ़ियों के लिए रहने लायक बनाने की दिशा में अपना योगदान दे सकें। सही तरीके से गर्भनिरोधक उपायों, गर्भपात, बन्ध्यीकरण, एकल बच्चा पैदा करने की नीति और परिवार नियोजन आदि उपायों से ही जनसंख्या वृद्धि को रोका जा सकता है। हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा एकल और दो बेटियों वाले सरकारी कर्मचारियों को प्रोत्साहन स्वरूप विशेष आर्थिक राशि प्रदान की जा रही है। हिमाचल प्रदेश में इंदिरा गांधी बालिका सुरक्षा योजना के तहत अब एक बेटी के बाद परिवार नियोजन अपनाने वाले परिवार को दो लाख रुपए मिलेंगे। वहीं दो बेटियों के बाद परिवार नियोजन अपनाने पर अब एक लाख रुपए मिलेंगे। इस वर्ष विश्व जनसंख्या दिवस का थीम है, भविष्य की पीढ़ियों को सशक्त बनाना : सतत विकास और जनसंख्या रुझान। जनसंख्या दिवस हमें याद दिलाता है कि समस्याओं को समझने, समाधान तैयार करने और प्रगति को आगे बढ़ाने के लिए डेटा संग्रह में निवेश करना महत्वपूर्ण है। जनसंख्या नियंत्रण कानून को लेकर पिछले कई दशकों से बहस चल रही है। 1970 के दशक से हम सभी हम दो हमारे दो का नारा सुनते आए हैं। हालांकि कभी भी किसी सरकार ने जनसंख्या नियंत्रण के कानून को लागू करने की हिम्मत नहीं दिखाई। जनसंख्या नियंत्रण पर कानून बनाने या इसका जब भी जिक्र होता है, तब हिंदू-मुस्लिम बहस छिड़ जाती है। कुछ मुस्लिम नेताओं का कहना है कि जनसंख्या नियंत्रण कानून मुस्लिम विरोधी है। लेकिन यह समय की मांग है कि भारत में बढ़ती आबादी से उत्पन्न हो रही चुनौतियों से निपटने के लिए केंद्र सरकार को जनसंख्या नियंत्रण कानून को अनिवार्य रूप से शीघ्र सिरे चढ़ाना होगा।

# विसंगतियां

**चिंतन-मनन**

विकृतियां दिखती भर ऊपर हैं पर उनकी जड़ अंतराल की कुसंस्कारिता के साथ जुड़ी रहती है। यदि उस क्षेत्र को सुधारा, संभाला,उभारा जा सके, तो समझना चाहिए कि चिन्तन, चरित्र और व्यवहार बदला और साथ ही उच्चस्तरीय परिवर्तन भी सुनिश्चित हो गया। भगवान असंख्य सद्धियों का भंडारागार है। उसमें संकटों के निवारण और अवांछनीयताओं के निराकरण की भी समग्र शक्ति है। वह मनुष्य के साथ संबंध घनिष्ठ करने के लिए भी उसी प्रकार लालायित रहता है जैसे माता अपने बालक को गोद में उठाने, छाती से लगाने के लिए लालायित रहती है। मनुष्य ही है जो वासना, तृष्णा के खिलौने से खेलता भर रहता है और उस दुलार की ओर से मुंह मोड़े रहता है,जिसे पाकर वह सच्चे अर्थों में कृतकृत्य हो सकता था। उसे समीप तक बुलाने और उसका अतिरिक्त उत्तराधिकार पाने के लिए यह आवश्यक है कि उसके बैठने के लिए साफ-सुथरा स्थान पहले से ही निर्धारित कर लिया जाए। यह स्थान अपना अन्तःकरण ही हो सकता है। अन्तःकरण की श्रद्धा और दिव्य चेतना के संयोग की उपलब्धि, दिव्य संवेदना कहलाती है, जो नये सिरे से नये उल्लास के साथ उभरती है। यही उसकी यथार्थता वाली पहचान है, अथवा मान्यता तो प्रतिमाओं में भी आरोपित की जा सकती है। तस्वीर देखकर भी प्रियजन का स्मरण किया जा सकता है पर वास्तविक मिलन इतना उल्लास भरा होता है कि उसकी अनुभूति अमृत निर्झरिणी उभरने जैसी होती है। इसका अवगाहन करते ही मनुष्य कायाकल्प जैसी देवोपम स्थिति में जा पहुंचता है। उसे हर किसी में अपना आपा हिलोरें लेता दिख पड़ता है और समग्र लोक चेतना अपने भीतर घनीभूत हो जाती है। ऐसी स्थिति में परमार्थ ही सच्चा स्वार्थ बन जाता है। दूसरों की सुविधा अपनी प्रसन्नता प्रतीत होती है और अपनी प्रसन्नता का केंद्र दूसरों की सेवा-सहायता में घनीभूत हो जाता है। ऐसा व्यक्ति अपने चिन्तन और क्रियाकलाप को लोक- कल्याण में सत्प्रवृत्ति संवर्धन में ही नियोजित कर सकता है। व्यक्ति के ऊपर भगवत सत्ता उतरे तो उसे मनुष्य में देवत्व के उदय के रूप में देखा जा सकता है। यदि यह अवतरण व्यापक हो तो धरती पर स्वर्ग के अवतरण की परिस्थितियां ही सर्वत्र बिखरी दृष्टिगोचर होंगी॥।

## आपके पत्र

### जल्द पारित हो जनसंख्या नियंत्रण कानून

विश्व जनसंख्या दिवस जनसंख्या मुद्दों के महत्व पर ध्यान केंद्रित करने और लोगों को अधिक जनसंख्या के प्रभाव के बारे में शिक्षित करने के लिए मनाया जाता है। अधिक जनसंख्या पर्यावरण क्षरण, सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौतियों और संसाधनों पर दबाव जैसी गंभीर समस्याओं का कारण बन सकती है। भारत में अत्यधिक जनसंख्या एक गंभीर चिंता का विषय है।

बढ़ती जनसंख्या मानव जीवन के लिए आवश्यक प्राकृतिक संसाधनों को नष्ट करती है, जिससे गरीबी-बेरोजगारी बढ़ती है, सामाजिक तथा आर्थिक विकास में कमी के साथ जलवायु परिवर्तन पर भी असर पड़ता है। इसलिए समय रहते इस पर नियंत्रण जरूरी है। केंद्र सरकार को जल्द ही जनसंख्या नियंत्रण कानून पारित करवाकर इसे गंभीरता से लागू करवाना चाहिए।

**केसी राय,रांची**

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

## न्यूज ब्रीफ

### दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के तहत तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन



**साहिबगंज :** झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी,पलाश साहिबगंज के द्वारा संचालित दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के तहत जिले के सभी प्रखंड के क्लस्टर में कार्यरत जॉब रिसोर्स पर्सन का तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण आयोजन किया गया।इस प्रशिक्षण में प्रशिक्षक राजेन्द्र कुमार और आसिफ इकबाल के द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के उद्देश्य, संरचना और पलाश जेएसएलपीएस के अंतर्गत चल रहे विभिन्न योजनाओं के बारे विस्तारपूर्वक अहम जानकारी सभी को दी गयी। साथ ही साथ जॉब रिसोर्स पर्सन के कार्य, दायित्व व मार्गदर्शिका के बारे में बताया गया। ग्रामीण क्षेत्र के बेरोजगार जो पढ़ाई छोड़ चुके वैसे युवक एवं युवतियां जिनकी आयु 18 से 35 वर्ष है। सरकार के द्वारा संचालित दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के अंतर्गत 3 माह से 12 माह तक का प्रशिक्षण आवासीय, निःशुल्क एवं रोजगार आधारित है।बताया गया कि इस योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार की दिशा में लोगों को अग्रसर करने के उद्देश्य से यह योजना संचालित है। जिसके तहत महिलाओं को सिलाई कढ़ाई नर्सिंग के साथ विभिन्न क्षेत्रों एवं पुरुषों को विभिन्न तकनीकी कौशल प्रशिक्षण दिया जाता है।

### कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष ने मंत्री से मुलाकात की रोजगार पर चर्चा



**साहिबगंज :** नए परिसदन में बुधवार को श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विभाग व उद्योग विभाग के मंत्री संजय प्रसाद यादव से कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अजय यादव ने मुलाकात की। मुलाकात के दौरान उन्होंने मंत्री को बुके देकर व शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया।इसके बाद कुछ देर तक जिला अध्यक्ष ने मंत्री संजय यादव से जिले के राजनीतिक परिवेश पर चर्चा की। इसके अलावा यहां रोजगार के अवसर,उद्योग लगाने,कल कारखाने लगाने पर चर्चा किया। वहीं रोजगार के लिए पलायन कर रहे मजदूरों को यहां रोकने के लिए नई नीति व व्यवस्था बनाने की मांग की।इसपर मंत्री ने जिलाअध्यक्ष को आश्वस्त किया है। कि जल्द ही इन बिंदुओं पर सकारात्मक पहल की जाएगी। ताकि यहां के लोगों के लिए रोजगार का नया अवसर खुल सके।

### जमीन हड़पने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में आईजी को दिया आवेदन




**साहिबगंज :** टाउन हॉल परिसर में बुधवार को आयोजित जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के दौरान जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के केलबाड़ी हनुमान नगर निवासी पीड़ित व्यक्ति हीरा पासवान पिता सुंदर पासवान ने अपनी पैतृक जमीन को जबरन जाली दस्तावेज बनाकर हड़पने व जान से मारने की धमकी देने के मामले में संथाल परगना के आईजी जी. क्रांति कुमार को लिखित आवेदन देते हुए कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है।जहाँ दिए गए आवेदन पत्र में पीड़ित व्यक्ति ने जिक्र किया है कि उनकी मां जब जीवित थी तो उन्हें कैंसर जैसी गंभीर बीमारी हो गई जिसके इलाज के लिए उन्होंने अपने हिस्से की एक कट्टा जमीन उमेश कुमार साह पिता योगेंद्र साह से बेच दी जिसमें उमेश कुमार साह अपना घर बनाकर रह भी रहा है।वही बाकी बचे 1 कट्टा जमीन पर बने घर में माँ की मौत के बाद वे स्वंय रहे हैं मगर उनके पड़ोसी बिरजू पासवान पिता इशू पासवान व उनकी पत्नी आशा देवी गलत तरीके से जाली कागजात बनाकर अपना जमीन होने का दावा कर रही है।उधर इस मामले को लेकर थाना में भी कई बार आवेदन दिया गया है मगर अब तक कोई भी ठोस कार्यवाही पुलिस के द्वारा नही की गई है जहाँ पीड़ित व्यक्ति ने आईजी से मुलाकात करते हुए फिर से लिखित आवेदन पत्र देते हुए इस दिशा में दोषी लोगों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने की गुहार लगाई है।उधर आईजी ने संबंधित मामले में एसपी को दिशा निर्देश देते हुए थाना प्रभारी से पूरे मामले की जांच करवाने का निर्देश देते हुए कानूनी कार्यवाही करने का निर्देश दिया है।

### झारखंड उद्योग मंत्री ने साहिबगंज के माँ बाइसी मंदिर में अपनी पत्नी के साथ किया पूजा अर्चना



**साहिबगंज :** झारखण्ड सरकार के श्रम व नियोजन और उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव ने साहिबगंज के माँ बायसी मंदिर में अपनी पत्नी के साथ पूजा अर्चना किया मंत्री संजय यादव मंत्री बनने के बाद पहली बार साहिबगंज पहुंचे.पूजा के बाद मंत्री ने कहा की 10 वर्ष बाद विधायक बना हूं। और सरकार में मंत्री मिला हैं।इसी उपलक्ष्य में माँ का पूजा करने पहुंचा हूं.माँ से झारखण्ड के सभी लोगो का कल्याण और राज्य की तरक्की की प्राथना किया हूं।उन्होंने कहा कि माँ से अपने देश की तरक्की की कामना किया।वही मंत्री संजय यादव ने अपने हाथों से भक्तों के बीच माँ के प्रसाद वितरण किया।वही मंदिर प्रांगण पहुंचने पर मां बायसी काली पूजा समिति के अध्यक्ष संजय यादव ने मंत्री संजय प्रसाद यादव का फूल माला पहनाकर स्वागत किया।मौके पर अरुण चौधरी,संतोष चौधरी,देव कुमार ओझा,पूजा देवी राजद जिला अध्यक्ष सत्यनारायण यादव,प्रदेश सचिव मुन्ना यादव,जगत किशोर यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# दुमका के ग्राहक सेवा केंद्र में 85 हजार रुपये की लूट, ग्राहक बनकर आए थे तीन अपराधी

मेट्रो रेज संवाददाता

**दुमका:** जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के दुम गांव स्थित ग्राहक सेवा केंद्र में बुधवार को बाइक सवार तीन अपराधियों ने लूट की घटना को अंजाम दिया है. अपराधियों ने ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक समेत तीन लोगों को बंधक बनाकर 85 हजार रुपये लूट लिए. 10 मिनट में पूरी वारदात को अंजाम देकर अपराधी आराम से फरार हो गए. जानकारी मिलने के बाद मुफस्सिल थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और जांच में जुट गए हैं. पुलिस अपराधियों की पहचान के लिए सीसीटीवी कैमरे को खंगाल रही है.



ग्राहक बनकर आये थे अपराधी

मुफस्सिल थाना क्षेत्र के दुम गांव के ग्राम प्रधान राजकिशोर मंडल अपने घर में ही एसबीआई का ग्राहक सेवा केंद्र चलाते हैं. बुधवार को ग्राहक सेवा केंद्र में दो लोग पैसा निकासी के लिए आए थे. इसी बीच बाइक से तीन अपराधी आ धमके. उनमें से एक अपराधी पिस्टल लेकर सीएसपी के अंदर घुस गया. उसने हथियार के बल पर सीएसपी संचालक समेत वहां मौजूद ग्राहकों को बंधक बना लिया.इसके बाद बैंक से लाकर काउंटर में रखे गए 60 हजार रुपये और पहले से रखे 25 हजार रुपये लूटकर आराम से चलता बना.

जाते-जाते अपराधियों ने सीएसपी संचालक को धमकी दी कि अगर किसी तरह का शोर मचाया तो परिणाम अच्छा नहीं होगा. अपराधियों के भागने के बाद ग्राहक सेवा केंद्र संचालक ने शोर मचाया. इसके बाद अगल-बगल के ग्रामीण पहुंच गए, लेकिन तब तक तीनों अपराधी फरार हो चुके थे. घटना के बाद उन्होंने स्थानीय थाना पुलिस को मामले की सूचना दी.

मौके पर पहुंची पुलिस

सूचना मिलने के बाद मुफस्सिल थाना प्रभारी कुमार सत्यम मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल में जुट गए हैं. ग्राहक सेवा केंद्र संचालक ने पुलिस को बताया कि एक अपराधी ने चेहरा ढक रखा था और दो हेलमेट पहने हुए थे. 10 मिनट के अंदर अपराधियों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया.

इधर, थाना प्रभारी ने बताया कि एक बाइक सवार तीन अपराधियों ने ग्राहक सेवा केंद्र में लूट की वारदात को अंजाम दिया है. सीसीटीवी कैमरे में अपराधियों की तस्वीर कैद हो गई है. फुटेज के आधार पर अपराधियों तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है.

### वित्त मंत्री ने छह योजनाओं का किया शुभारंभ

**पलामूः** वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर पाटन प्रखंड के प्रखंड कार्यालय पहुंचे. मंत्री ने छह योजनाओं का शुभारंभ किया. राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि अपनी-अपनी कार्यशैली में प्रखंडेकर्मी व अंचलकर्मी सुधार लाएं. उन्होंने दो शिकायत पेटी भी रखा, जिसमें एक प्रखंड कार्यालय दूसरा अंचल कार्यालय में रखा जाएगा ताकि लोगों की यदि समस्या नहीं सुनी जाएगी तो वे लोग अपनी समस्या को उसे बॉक्स में रखेंगे एक सप्ताह के अंदर उसका निस्तारण किया जाएगा. मंईयां सम्मान योजना के बारे में कहा कि 60 लाख महिलाओं को हेमंत सोरेन के द्वारा संचालित मंईयां सम्मान योजना का लाभ मिलेगा. विरोधी का काम है विरोध करना, लेकिन सरकार का काम है करना. यह हेमंत सोरेन की सरकार है. यदि कोई भी गरीब अंचल या प्रखंड में आता है उसकी समस्या का समाधान त्वरित करें. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री से मांग करेंगे कि सैक्षनिक संस्थान के लिए पाटन प्रखंड मुख्यालय में एक डिग्री कॉलेज की स्थापना हो.

### झामुमो कार्यकर्ताओं ने विधायक का गर्म जोशी के साथ किया अभिनंदन



मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज/बोरियो :** विधानसभा अंतर्गत बोआरीजोर प्रखंड के सभागार में आयोजित झारखंड मुक्ति मोर्चा के अभिनंदन समारोह के मुख्य अतिथि बोरियों विधायक धनंजय सोरेन शामिल हुए।झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता ने विधायक का गर्म जोशी के साथ अभिनंदन और गुलदस्ता माला पहनकर स्वागत किया गया।मौके पर बोआरीजोर प्रखंड अध्यक्ष सह 20 सूत्री अध्यक्ष सुनील मरांडी,प्रखंड सचिव सा मीडिया प्रभारी निसार अहमद,उपाध्यक्ष सुभान अंसारी, युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष वॉल्सन सोरेन,सचिन रफीक अंसारी, अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष अकमल अंसारी,सचिव करीम अंसारी,महिला मोर्चा अध्यक्ष वॉलेट मेरी मुर्मू , जिला कार्यकारिणी सदस्य मानस दत्त, जिला महिला मोर्चा सचिव मेरी सोरेन,प्रखंड उपाध्यक्ष महिला अनीता सोरेन,सचिव सुनीता मुर्मू,जिला कार्यकारिणी सदस्य दिलदार अंसारी,युवा नेता मुन्ना मरांडी,वरिष्ठ कार्यकर्ता महेंद्र हंसदा,प्रखंड प्रमुख जसिता हेंब्रम,धनीराम सोरेन,विनोद मुर्मू, मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार ठाकुर,गोपीनाथ मरांडी,जाकिर अंसारी,बिहारी किसकु,विष्णु सा,रहीम अंसारी,अहमद अंसारी ताहिर अंसारी,सोनेलाल मुर्मू, अख्तर अंसारी जाकिर अंसारी, नितलाल सोरेन,मकबूल अंसारी, संतोष ठाकुर,शाबान अंसारी, सज्जाद अंसारी, उत्तम चौड़े , सूरज मराठी,गणेश टूटू , शिवनंदन हंसदा,खालिद अंसारी,अनुशील हेंब्रम,नुद्दीन अंसारी,मुजफ्फर अंसारी,अली हुसैन अंसारी,जियाउल अंसारी, मिस्त्री सोरेन,आदि पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पाकुड़ में कोल्ड स्टोरेज का विधायक निशात आलम ने किया उद्घाटन, किसानों के चेहरे पर दिखी खुशी

मेट्रो रेज संवाददाता

**पाकुड़:** जिले के पाकुड़ प्रखंड के कासिला गांव में 10 करोड़ 34 लाख की राशि से बने पांच हजार मेट्रिक टन क्षमता वाले कोल्ड स्टोरेज का उद्घाटन बुधवार को विधायक निशात आलम ने किया. द झारखंड स्टेट आदिवासी को-ऑपरेटिव वेजिटेबल मार्केटिंग फेडरेशन लिमिटेड द्वारा बनाए गए कोल्ड स्टोरेज के उद्घाटन के मौके पर शांति सरोजनी मुर्मू, सहकारिता, आपूर्ति और कृषि विभाग के पदाधिकारी सहित हजारों की संख्या में किसान मौजूद रहे.





कोल्ड स्टोरेज के उद्घाटन के मौके पर विधायक सहित अधिकारियों ने सेविकाओं के बीच नियुक्ति पत्र, किसानों के बीच मछली जीरा और प्रशस्ति पत्र का वितरण किया. साथ ही विधायक ने इस मौके पर बच्चों की मुंहजुठ्ठी भी करायी.

इस मौके पर विधायक निशांत आलम ने कहा कि हेमंत सरकार किसानों के हितों के प्रति संवेदनशील है.विधायक ने कहा कि कोल्ड स्टोरेज किसानों को उनकी उपज का सही दाम दिलाने के साथ-साथ उन्हें आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने का काम भी करेगा. निशात आलम ने कहा कि पाकुड़ में जूट कारखाना भी शीघ्र धरातल पर दिखेगा.

वहीं डीसी मनीष कुमार ने कहा कि कोल्ड स्टोरेज के क्रियाशील होने से उन्नत कृषि को बढ़ावा मिलेगा. साथ ही यह कोल्ड स्टोरेज किसानों की आमदनी बढ़ाने में मील का पत्थर साबित होगा. कोल्ड स्टोरेज के उद्घाटन के मौके पर कृषि और मत्स्य विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉलों के जरिए किसानों को कृषि और मत्स्य पालन की जानकारी भी दी गई.

कोल्ड स्टोरेज के उद्घाटन के अवसर पर पाकुड़ सहित अन्य प्रखंडों के किसानों के चेहरे पर खुशी देखी गई. किसानों ने बताया कि वर्तमान में एक मात्र निजी कोल्ड स्टोरेज महेशपुर प्रखंड में है और वहां सभी किसानों का जाना संभव नहीं हो पाता था. अब सदर प्रखंड में सरकारी कोल्ड स्टोरेज से हमें फायदा होगा.

किसानों ने बताया कि कोल्ड स्टोरेज नहीं रहने के कारण पहले उगायी गई सब्जियों और फलों को औने-पौने दाम में बेचना पड़ता था. इस कारण किसानों को नुकसान भी उठाना पड़ता था और अब हम सभी किसान उगायी गई सब्जियों और फलों को कोल्ड स्टोरेज में रख कर ऑफ सीजन में बेच कर आमदनी बढ़ाएंगे और ज्यादा से ज्यादा खेती भी कर पाएंगे.

## गढ़वा का कुख्यात इकबाल गिरफ्तार, अपराधी सत्या की हत्या का आरोप

मेट्रो रेज संवाददाता

**गढ़वाः** जिले के नगर उंटारी थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. पुलिस ने जिले के कुख्यात अपराधी इकबाल खान को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है. इकबाल पर कुख्यात अपराधी सत्या पासवान की हत्या करने का आरोप है. एसपी दीपक पांडेय ने इकबाल की गिरफ्तारी की पुष्टि की.



दरअशल, इकबाल खान ने अपने साथियों के साथ मिलकर 3 दिसंबर को नगर उंटारी थाना क्षेत्र के गोसाईबाग मैदान के पास कुख्यात अपराधी सत्या पासवान की गोली मारकर हत्या कर दी थी. इस मामले में हत्या के बाद एसडीपीओ के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया था. इसी एसआईटी टीम ने इस शातिर अपराधी को गिरफ्तार किया है और उसके साथ एक अन्य अपराधी को भी गिरफ्तार किया गया है. गिरफ्तार अपराधी के खिलाफ जिले के विभिन्न थानों में कुल 12 मामले दर्ज हैं. पुलिस ने इनके पास से एक देसी पिस्तौल, चार जिंदा कारतूस, मोबाइल और मोटरसाइकिल बरामद की है.

एसपी ने बताया कि सभी अपराधी एक ही गिरोह के थे, ये बिहार के बारुण में रंगदारी वसूलने और बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे थे, लेकिन इकबाल को लगा कि सत्या उसकी हत्या करने की योजना बना रहा है, जिसके बाद इकबाल ने अपने साथियों के साथ मिलकर उसे मार गिराया.

एसपी ने कहा कि इकबाल की गिरफ्तारी पुलिस के लिए बड़ी सफलता है. सत्या की हत्या से पहले सत्या और इकबाल एक साथ बिहार गए थे, जहां उन्हें अपराध करना था, लेकिन अपराध नहीं हो सका. फिर सत्या समेत चार अपराधी बिहार से लौटकर नगर उंटारी पहुंचे और वहां गोसाई बाग मैदान में इकबाल ने दिनदहाड़े सत्या की गोली मारकर हत्या कर दी. पुलिस का मानना ??है कि इकबाल सत्या की हत्या कर गढ़वा जिले में अपना वर्चस्व स्थापित करना चाहता था, लेकिन वह पुलिस से बच नहीं सका.

### जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में लोगों की समस्याओं का ऑन द स्पॉट समाधान

**पलामू :** रांची को छोड़कर राज्य के 23 जिलों में झारखंड पुलिस जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन कर रही है. इसके तहत पलामू पुलिस भी जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया है. एसपी रीष्मा रमेशन की अध्यक्षता में मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र में लगाये गये विशेष शिविर में लोगों की समस्याओं को सुना जा रहा है और उसका समाधान किया जा रहा है. लगातार. इन को मिली जानकारी के अनुसार, पलामू एसपी रिस्मा रमेशन ने कई थाना क्षेत्रों से समस्याएं लेकर आये लोगों की शिकायतें सुनी और ऑन द स्पॉट उनकी समस्याओं को समाधान किया. वहीं एसपी ने जन शिकायत समाधान कार्यक्रम को लेकर अधिकारियों को कई निर्देश भी दिये. मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र में लगाये गये जन शिकायत समाधान कार्यक्रम की मॉनिटरिंग आईजी नरेंद्र कुमार सिंह कर रहे हैं. मौके पर प्रशिक्षु आईपीएस दिव्यांशु शुक्ला, सदर सीओ अमरदीप बल्होत्रा, सदर डीएसपी मनी भूषण प्रसाद सहित जिले सभी थाना प्रभारी मौजूद हैं. बता दें कि झारखंड डीजीपी अनुराग गुप्ता के निर्देश पर राज्य के सभी जिलों में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम की शुरूआत की गयी है. इस कार्यक्रम में 18 मुख्य मुद्दों पर आम जनता की समस्याएं सुनी जा रही और उनकी मदद की जा रही है.

# गैरमजरुआ भूमि को लेकर आमने-सामने ग्रामीण और फैक्ट्री प्रबंधन, सीओ ने गाड़ा बोर्ड

मेट्रो रेज संवाददाता

**गिरिडीहः** सदर अंचल के औद्योगिक क्षेत्र में गैरमजरुआ जमीन को लेकर हंगामा हो गया. यहां अजीडीह में जमीन के बड़े हिस्से पर कब्जे की कोशिश का आरोप है. ग्रामीणों ने कई जगह शिकायत की है. शिकायत के बावजूद जब तत्काल कोई कार्रवाई नहीं हुई तो लोगों ने खुलकर विरोध करने का फैसला किया. लोगों का जुटान हुआ. जिसके बाद अंचल अधिकारी मोहम्मद असलम अपनी टीम के साथ पहुंचे और जांच के बाद जमीन के बड़े हिस्से पर सरकारी बोर्ड लगा दिया.



क्या कहते हैं स्थानीय

स्थानीय उप मुखिया कुमार सौरव, नरेश यादव, दिलीप उपाध्याय समेत दर्जनों लोगों ने बताया कि पहले यहां सड़क पर गेट लगाया गया था. कुछ महीने पहले विरोध के बाद गेट हटा दिया गया था, अब वहां दीवार बनाने की कोशिश की जा रही है. इतना ही नहीं अब फैक्ट्री प्रबंधन यहां आम सड़क को घेरने की कोशिश कर रहा है. इसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. लोगों ने कहा कि यहां बड़ा जनआंदोलन होगा.

सरकारी भूमि पर गाड़ा गया बोर्ड : सीओ

इधर, ग्रामीणों की शिकायत पर सीओ मो असलम, अमीन अजय यादव, राजस्व कर्मचारी शंभू विश्वकर्मा भी पहुंचे. सीओ ने जमीन की मापी कराई. इसके बाद जमीन की मापी की गई. मापी में यह स्पष्ट हुआ कि लंगटा बाबा फैक्ट्री द्वारा जिस जमीन की घेराबंदी की जा रही है, उसमें प्लॉट संख्या 104 भी है जो जीएम लैंड है. इस पर काम बंद करने का बोर्ड लगा दिया गया है. बाकी जमीन के कागजात उपलब्ध कराने को कहा गया है.

जमीन के कागजात होने का दावा इधर, ग्रामीणों के विरोध और सीओ की जांच के दौरान मौके पर मौजूद लंगटा बाबा फैक्ट्री के कर्मियों ने जमीन के सभी कागजात अपने पास होने का दावा करते रहे. उन्होंने कहा कि ग्रामीण जानबूझ कर उन्हें परेशान कर रहे हैं. उनके पास जमीन के सभी कागजात हैं, जिसे गुरुवार की दोपहर तक अंचल कार्यालय में प्रस्तुत कर दिया जाएगा. प्रबंधन की ओर से दिए गए तर्क पर सीओ ने साफ कहा कि अगर गुरुवार तक कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया, तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी.



# सिंघम अगेन के बाद दे दे प्यार दे 2 फिल्म से धूम मचाएंगे अजय देवगन

**अजय देवगन** और रकुल प्रीत सिंह दे दे प्यार दे के बाद एक बार फिर से साथ में दिखेंगे। फिल्म का सीक्वल दे दे प्यार दे 2 में इस बार तब्बू नहीं दिखेंगी। हालांकि इसमें आर माधवन की एंट्री पहले हो चुकी है। अब फिल्म रिलीज कब होगी, इसकी डेट सामने आ गई है।

जानें कब रिलीज होगी दे दे प्यार दे 2: दे दे प्यार दे 2 के मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट 14 नवंबर 2025 तय की है। उन्होंने इस बात की जानकारी अपने इंस्टाग्राम पेज पर दी है। इस रोमांटिक कॉमेडी फिल्म की शूटिंग पंजाब, मुंबई और लंदन में की जाएगी। इसका निर्देशन अंशुल शर्मा ने किया है, जबकि लव फिल्म्स के लव रंजन और अंकुर गर्ग ने इसका निर्माण किया है। फिल्म की कहानी वहीं से शुरू होगी जहां दे दे प्यार दे खत्म हुई थी। सीक्वल में रकुल प्रीत सिंह के परिवार में 50 साल के आशीष (अजय देवगन) और 20 साल की आयशा के रिश्ते के बीच होने वाली हॉस्य घटनाओं को दिखाया जाएगा।

## समीर वानखेड़े ने शाहरूख खान की फिल्म जवान के डायलॉग 'बाप, बेटा' डायलॉग को 'सस्ता, थर्ड-रेटेड' बताया





**पूर्व** नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) जोनल चीफ समीर वानखेड़े, जिन्होंने शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान को कथित अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स रैकेट में हिरासत में लिए जाने के दौरान जांच का नेतृत्व किया था, ने अभिनेता के लोकप्रिय जवान डायलॉग पर प्रतिक्रिया दी है, जिसके बारे में कई लोगों ने अनुमान लगाया था कि यह उन पर कटाक्ष था। मशहूर हस्तियों को निशाना बनाने के आरोपी वानखेड़े ने आर्यन के मामले को अपने करियर का सबसे छोटा मामला बताया।

यूट्यूबर गौरव ठाकुर के साथ एक पॉडकास्ट में, आईआरएस अधिकारी ने कमरे में हाथी के रूप में वर्णित उस मामले को संबोधित किया - 2021 कॉर्डेलिया क्रूज ड्रग्स केस जिसके कारण आर्यन खान को 25 दिनों की जेल हुई थी। उन्होंने कहा, मैं इस बात से सहमत नहीं हूं कि यह 'कमरे में हाथी' है; मैं इसे अपने करियर के सबसे छोटे मामलों में से एक के रूप में सोचना पसंद करूंगा - कमरे में एक सूक्ष्मजीव।

उन्होंने आगे कहा, मैं इसे इतना महत्व नहीं देना चाहता या इस पर बात करके अपना समय बर्बाद नहीं करना चाहता। मामला अभी कोर्ट में है और मैं इस पर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहता। मैं बस इतना कहना चाहता हूं कि न तो मुझे किसी बात का डर है और न ही मैं कुछ छिपा रहा हूं। मैं इस पर बात करने से इसलिए बचता हूं क्योंकि मैंने कोर्ट में हलफनामा दिया है कि मैं इस मामले पर बात नहीं करूंगा। साझा करने और बात करने के लिए बहुत कुछ है, लेकिन आचार संहिता है, जिसके कारण मैं चर्चा नहीं कर सकता।

एक बार कोर्ट अपना फैसला सुना दे, तो मैं इस पर विस्तार से जरूर बात करूंगा। मई 2022 में, अपर्याप्त सबूतों के कारण आर्यन को सभी आरोपों से मुक्त कर दिया गया। उनकी रिहाई के बाद, शाहरुख खान की 2023 की फिल्म जवान में डायलॉग था, ₹बेटे को हाथ लगाने से पहले, बाप से बात कर। कई दर्शकों ने इस संवाद को शाहरुख की वानखेड़े को प्रतिक्रिया के रूप में समझा, जिन्होंने मई 2023 में शाहरुख के साथ कथित चैट का विवरण देते हुए अदालत में एक हलफनामा प्रस्तुत किया था, जिसमें अभिनेता ने कथित तौर पर उनसे और ठउइ से आर्यन पर नरम रुख अपनाने की गुहार लगाई थी।

संवाद को संबोधित करते हुए, वानखेड़े ने कहा, मैं नाम लेकर उन्हें प्रसिद्ध नहीं करना चाहता। जहां तक ??लीक हुई चैट का सवाल है, मैं खुद को दोहराऊंगाः मुझे इस पर टिप्पणी करने की अनुमति नहीं है। मेरे खिलाफ जो भी संवाद इस्तेमाल किए जा रहे हैं।।। 'बाप' और 'बेटा' शब्दों के साथ, वे बेहद घटिया और तीसरे दर्जे के लगते हैं। हम एक सुसंस्कृत समाज में ऐसे शब्दों का इस्तेमाल नहीं करते हैं। ये बस सड़क किनारे के संवाद हैं। मैं खुद से ऐसी चीजों को महत्व देने और प्रतिक्रिया देने की उम्मीद नहीं करता।

## कॉकटेल 2 में शाहिद और कृति सेनन के साथ रश्मिका मंदाना





**जानी मानी** अभिनेत्री रश्मिका मंदाना फिल्म कॉकटेल 2 में शाहिद कपूर और कृति सेनन के साथ काम करती नजर आ सकती हैं। वर्ष 2012 में सैफ अली खान और दिनेश विजान ने सुपरहिट फिल्म कॉकटेल बनाई थी। इस फिल्म में सैफ अली खान, दीपिका पादुकोण और डायना पेंटी ने अहम भूमिका निभाई थी।

बॉलीवुड में चर्चा है कि दिनेश विजान जल्द ही फिल्म कॉकटेल 2 बनाने वाले हैं इस फिल्म में पूरी नई स्टारकास्ट नजर आएगी। कहा जा रहा है कि शाहिद कपूर और कृति सेनन इसके लिए फाइनल हैं, वहीं अब तीसरी लीड एक्ट्रेस के लिये रश्मिका मंदाना के नाम की चर्चा है। कृति सेनन और शाहिद कपूर तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया में एक साथ काम कर चुके हैं। फैंस को इनकी केमिस्ट्री काफी ज्यादा पसंद आई थी। फिल्म कॉकटेल 2 की कहानी को लव रंजन ने लिखा है, जबकि इसका निर्देशन होमी अदजानिया करेंगे। कॉकटेल 2 की स्क्रिप्ट बनकर तैयार है। फिल्म में ह्यूमर के साथ फ्रेंडशिप की बेहतरीन कहानी दिखाई जाएगी। फिल्म में लव ट्रायंगल देखने को मिलेगा।

### हनी सिंह का बादशाह पर तंज, बोले-

## हेटर्स को हेट मत करो, वो मेरी ही औलादें हैं

**जानेमाने** रैपर-सिंगर यो यो हनी सिंह का कहना है कि उनसे बेहतर करने वाले कम लोग हैं और उनका कोई प्रतिस्पर्धी नहीं है। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन का बहुचर्चित फॉर्मेट, इंडियाज बेस्ट डांसर वर्सेस सुपर डांसरः चैंपियन्स का टशन क्रिसमस के उत्सव को और भी खास बनाने के लिए पूरी तरह से तैयार है। इस वीकेंड शाम 7 बजे, शो में सेंसशनल रैपर, सिंगर, और म्यूज़िक कम्पोजर यो यो हनी सिंह का खास मेहमान के रूप में स्वागत किया जाएगा, जो रेमो डिसूजा, मलाइका अरोड़ा, गीता कपूर और मेजबान हर्ष लिम्बाचिया के साथ प्रतियोगियों को चीयर करेंगे।



हनी सिंह भी खुलकर बात करते और भारत में रैपिंग लैंडस्केप पर चर्चा करते नजर आएंगे। रैपिंग इंडस्ट्री में उनके प्रतिस्पर्धी के बारे में पूछे जाने पर, हनी सिंह ने जवाब दिया, सबसे पहले, मैं रैप सीन में भी नहीं हूं। मैं थोड़ा लिखता हूं, थोड़ा गाता हूं। जो मैं करता हूं, मुझसे बेहतर करने वाले कम हैं और मुझसे बेकार करने वाले बहुत सारे। मुझ जैसा करने वाला कोई नहीं है, तो मेरा कोई प्रतिस्पर्धी नहीं है। उनमें से आधे मेरे अपने वंशज हैं। देखो मेरे हेटर्स को हेट मत करो, वो मेरी ही औलादें हैं, वो मेरी ही नसल हैं, कभी जज करते थे हसल। उत्सव के इस ट्विस्ट में, सांता क्लॉज एक दमदार एन्ट्री लेते हैं, और अपने गिफ्ट बैग से, कई तरह की अनूठी चुनौतियां निकालते हैं जो टीमों की रचनात्मकता, कौशल और टीमवर्क की परीक्षा लेंगी। लेकिन देसी प्रॉप चैलेंज में, यह प्रतिस्पर्धा प्रबल हो गई, क्योंकि गीता मां ने आकाश थापा और तेजस वर्मा को चुनौती का सामना करने के लिए भेजा, जबकि मलाइका ने अपने वॉरियर्स- सौम्या कांबली, देबपर्णा गोस्वामी और प्रतीक उटेकर को उन्हें हराने के लिए भेजा।

आकाश और तेजस ने लोकप्रिय गाने ओ ओ जाने जाना पर परफॉर्म करते हुए अपनी प्रभावशाली एनर्जी से पूरे घर को हिला दिया। हनी सिंह, दंग रह गए, और उन्होंने टिप्पणी करते हुए कहा, जानदार, शानदार, दमदार! जबकि मलाइका इस बात से लगभग परेशान थी कि वे कितने अविश्वसनीय रूप से अच्छे थे, गीता मां उनके प्रोप उर्फ ठेला गाड़ी को संभालने के तरीके से हैरान थीं। उन्होंने उनकी तारीफ करते हुए कहा, यह प्रोप के सबसे अच्छे उपयोगों में से एक है! हम अक्सर प्रोप का इस्तेमाल अलग-अलग तरीकों से करने के बारे में सोचते हैं, लेकिन आप लोगों ने इसे शानदार तरीके से अंजाम दिया। सब कुछ बिल्कुल सही था! उन्हें कड़ी टक्कर देते हुए, सौम्या, देबपर्णा और प्रतीक चार्टबस्टर गाने मुन्नी बदनाम पर लावणी और बेली डांस को ब्लेंड करके सभी को मंत्रमुग्ध कर देंगे। हनी सिंह अपनी आंखों पर यकीन नहीं कर सकें। उन्होंने टिप्पणी करते हुए कहा, मैंने कुछ आर्ट फॉर्म्स को ब्लेंड करने के बारे में सोचा था, लेकिन आप लोगों ने इसे पहले कर दिया! मैंने पहले कभी बेली डांस को लावणी के साथ नहीं देखा झ शानदार! गीता मां ने मजाकिया अंदाज में टिप्पणी की, कोई दूसरी मुन्नी कभी नहीं हो सकती, और सच कहूं, तो कोई और बदनामी के लायक भी नहीं है!

उन्होंने इस तिकड़ी की तुलना ओजी मुन्नी, यानि ??उनकी टीम की मालकिन मलाइका अरोड़ा से भी की। इसके साथ ही गीता और मलाइका के बीच मुन्नी बदनाम हुई के निर्माण से संबंधित दिल छूने वाली और पुरानी यादों को ताजा करने वाली बातचीत भी शुरू हो गई। रेमो ने दोनों टीमों की तारीफ की और कड़ी प्रतिस्पर्धा को स्वीकार करते हुए कहा कि उन्होंने एक-दूसरे को अद्भुत टक्कर दी।

## न्यूट्रेला न्यूट्रिशन ने अभिनेता शाहिद कपूर को बनाया अपना ब्रांड एंबेसडर



**पंतजलि** फूड्स लिमिटेड के ब्रांड न्यूट्रेला न्यूट्रिशन ने बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर को अपना ब्रांड एंबेसडर बनाया है। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, कपूर का स्वास्थ्य को लेकर समर्पण न्यूट्रेला न्यूट्रिशन के मूल्यों से मेल खाता है।

पतंजलि फूड्स लिमिटेड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) संजीव अस्थाना ने कहा, न्यूट्रेला न्यूट्रिशन स्वास्थ्य प्रथम (फिटनेस-फर्स्ट) दृष्टिकोण पर काम करता है, जो संतुलित पोषण तथा समग्र स्वास्थ्य पर केंद्रित है।

उन्होंने कहा, हमारे उत्पादों का इस्तेमाल वे लोग करते हैं जो अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हैं। शाहिद कपूर हमारे ब्रांड की विशेषताओं तथा मूल्यों को प्रतिबिंबित करते हैं।



## भारतीय उपकप्तान स्मृति मंधाना का डबल धमाल, वनडे-ट्वेंटी-20 रैंकिंग में टॉप-3 में एंट्री

**एजेंसी/ दुबईः** भारतीय उपकप्तान स्मृति मंधाना ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के खिलाफ अच्छे प्रदर्शन की बदौलत इंटरनेशल क्रिकेट काउंसिल की मंगलवार को जारी ताजा महिला वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में तीन स्थान के फायदे से दूसरे, जबकि टी-20 बल्लेबाजी रैंकिंग में एक स्थान के फायदे से तीसरे स्थान पर पहुंच गईं। मंधाना वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष 10 में एकमात्र भारतीय हैं।

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर दो स्थान के नुकसान से 13वें, जबकि हरलीन दियोल नौ स्थान के फायदे से 64वें स्थान पर हैं। गेंदबाजी रैंकिंग में दीप्ति शर्मा दो स्थान के नुकसान से पांचवें पायदान पर हैं। भारतीय तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी 48 स्थान की लंबी छलांग के साथ 51वें स्थान पर पहुंच गई हैं, जबकि रेणुका ठाकुर 28वें से संयुक्त 26वें स्थान पर पहुंच गई हैं। इंग्लैंड की सलामी बल्लेबाज टैमी ब्यूमोंट दो स्थान के फायदे से 11 स्थान पर हैं।

## मैं अच्छी बल्लेबाजी नहीं कर पा रहा स्वीकारने में कोई बुराई नहीं : रोहित शर्मा

**एजेंसी/ ब्रेस्बेनः** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने स्वीकार किया कि हाल ही में उनका बल्लेबाजी फॉर्म औसत रहा है, लेकिन वह अपने खेल को लेकर अच्छा महसूस कर रहे हैं, जिससे बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के बाकी दो टेस्ट के लिए उम्मीद बंधती है। रोहित इस दौरे पर 3, 6 और 10 रन ही बना सके हैं। गाबा पर तीसरा टेस्ट ड्रॉ रहने के बाद रोहित ने अपनी बल्लेबाजी का ईमानदारी से आकलन करते हुए कहा कि मैं अच्छी बल्लेबाजी नहीं कर पा रहा हूं। इसे स्वीकार करने में कोई बुराई नहीं है, लेकिन मुझे पता है कि मैं कैसे तैयारी कर रहा हूं।

इसमें कोई कमी नहीं है, बस क्रीज पर अधिक समय टिकने की जरूरत है और यह जल्दी ही होगा।उन्होंने कहा कि जब तक मेरा दिमाग, मेरा शरीर और मेरे पैर अच्छे चल रहे हैं, मैं खुश हूं । कई बार आंकड़ों से आपको लगता है कि बहुत समय से बड़ी पारी नहीं खेली, लेकिन मेरे लिए यह मायने रखता है कि मैं कैसी तैयारी कर पा रहा हूं। यह सबसे अहम है।



### आईसीसी टेस्ट रैंकिंग

## हैरी ब्रूक से छिना नंबर वन का ताज, टॉप-10 में दो भारतीय खिलाड़ी बरकरार





**नई दिल्लीः** आईसीसी की ओर से जारी ताजा टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में हैरी ब्रूक अपना नंबर वन का ताज नहीं बचा सके और अब वह फिसलकर दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। वहीं उनके हमवतन जो रूट एक बार फिर टॉप पर पहुंच गए हैं। टॉप-10 में इन दो बदलाव के अलावा किसी की रैकिंग में बदलाव नहीं हुआ है। सबसे तगड़ा झटका इंग्लैंड के बेन डकेट को लगा है और वह छह पायदान फिसलकर 18वें नंबर पर पहुंच गए हैं। भारतीय बल्लेबाजों में यशस्वी जायसवाल (चौथे नंबर) और ऋषभ पंत (9वें नंबर) शीर्ष-10 बल्लेबाजी रैंकिंग में जगह बचाए रखने में कामयाब रहे हैं, जबकि भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और शुभमन गिल एक-एक पायदान की छलांग लगाते हुए क्रमशः 30वें और 16वें नंबर पर पहुंच गए हैं। उनके अलावा विराट कोहली 20वें, केएल राहुल 50वें और रवींद्र जडेजा 51वें नंबर पर काबिज हैं। वहीं आईसीसी की ओर से जारी ताजा टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में जसप्रीत बुमराह टॉप पर बरकरार हैं, जबकि रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जडेजा पांचवें और छठे नंबर पर अपनी स्थिति बनाए रखने में सफल रहे हैं।

न्यूज ब्रीफ

## भारत और चीन के संबंधों में सुधार: सीमा विवाद पर वार्ता और कैलाश मानसरोवर यात्रा फिर से शुरू होगी



**नई दिल्ली ।** भारत और चीन अपने आपसी संबंधों को सुधारने और मजबूत करने की दिशा में कदम उठा रहे हैं। हाल ही में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल ने चीन का दौरा किया और चीनी विदेश मंत्री वांग यी से मुलाकात की। इस मुलाकात में दोनों देशों के बीच 6 महत्वपूर्ण मुद्दों पर सहमति बनी जिसमें सीमा विवाद का समाधान और कैलाश मानसरोवर यात्रा को फिर से शुरू करने का फैसला शामिल है।

महत्वपूर्ण फैसले और सहमतिः

1. सीमा विवाद पर बातचीतः

दोनों देशों ने सीमा विवाद के समाधान के लिए निष्पक्ष, उचित और परस्पर स्वीकार्य तरीके पर जोर दिया।

: सीमा विवाद को द्विपक्षीय संबंधों पर असर नहीं डालने देने का संकल्प लिया गया।

: गश्त समझौते के तहत दोनों देशों ने सीमा पर शांति बनाए रखने का वादा किया।

2. कैलाश मानसरोवर यात्राः

तीर्थयात्रियों की यात्रा को फिर से शुरू करने पर सहमति बनी।

3. नदियों से संबंधित डेटा साझा करनाः

: सीमा पार सहयोग बढ़ाने के लिए नदी के आंकड़े साझा करने पर सहमति बनी।

4. सैनिकों की वापसीः

: पूर्वी लद्दाख के डेमचोक और देपसांग इलाकों से सैनिकों की वापसी का समझौता किया गया।

5. आर्थिक और सांस्कृतिक सहयोगः

दोनों देशों ने सीमा पार व्यापार और सहयोग को बढ़ावा देने का फैसला किया।

: नाथूला दर्रा व्यापार को फिर से सक्रिय करने पर चर्चा हुई।

6. विश्वास बहाली के उपायः

: सीमा क्षेत्र में विश्वास बढ़ाने के लिए उपायों को मजबूत करने पर सहमति बनी।

विदेश मंत्रालय का बयानः

विदेश मंत्रालय ने बताया कि दोनों पक्षों ने जमीनी स्तर पर शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया।

: इस वार्ता का उद्देश्य क्षेत्रीय और वैश्विक शांति सुनिश्चित करना है।

: दोनों देश सीमा प्रबंधन और नियंत्रण के नियमों को परिष्कृत करने के लिए काम करेंगे।

चीन का बयानः

चीन के विदेश मंत्रालय ने कहाः

: दोनों देशों ने सीमा विवाद को शांतिपूर्ण तरीके से हल करने के लिए प्रतिबद्धता जताई।

: सीमा पार व्यापार और सहयोग को बढ़ावा देने के साथ-साथ सैन्य और कूटनीतिक वार्ता को मजबूत करने पर सहमति हुई।

: अगले वर्ष भारत में विशेष प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

डोभाल की उपराष्ट्रपति से मुलाकातः

अजित डोभाल ने चीनी उपराष्ट्रपति हान झेंग से भी मुलाकात की।

: उन्होंने चीनी प्रतिनिधियों को भारत आने का निमंत्रण दिया।

: यह मुलाकात दोनों देशों के रिश्तों को और बेहतर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

पृष्ठभूमिः

2020 में लद्दाख में गलवान घाटी की झड़पों के बाद भारत और चीन के बीच तनाव काफी बढ़ गया था।

: उस समय से दोनों देशों के रिश्तों में सुधार के लिए लगातार प्रयास हो रहे हैं।

बता दें कि भारत और चीन के बीच इस वार्ता को एक बड़ा सकारात्मक कदम माना जा रहा है। सीमा विवाद के समाधान और द्विपक्षीय संबंधों को सुधारने के लिए यह बैठक महत्वपूर्ण रही। कैलाश मानसरोवर यात्रा की बहाली से दोनों देशों के बीच विश्वास बढ़ाने में मदद मिलेगी। हालांकि भविष्य में दोनों देशों को इस दिशा में निरंतर और ठोस प्रयास करने होंगे।

## नाइजीरिया में स्कूल मेले में मची भगदड़, 30 बच्चों की मौत

नाइजीरिया : दक्षिण-पश्चिमी नाइजीरिया में बुधवार को एक स्कूल द्वारा छुट्टियों पर आयोजित मेले के दौरान मची भगदड़ में 30 बच्चों की मौत हो गई। स्थानीय गवर्नर ने यह जानकारी दी। ओयो राज्य के गवर्नर सेई मकिंडे ने बताया कि भगदड़ राज्य के इस्लामिक हाई स्कूल बसोरुन में हुई। उन्होंने बताया कि घटना के मद्देनजर सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है। राज्य के गवर्नर सेई मकिंडे ने एक दुखद घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए फेसबुक पर एक बयान जारी किया। यह घटना इस्लामिक हाई स्कूल बसोरुन में आयोजित एक पारिवारिक कार्यक्रम के दौरान हुई, जहां भगदड़ मचने के कारण कई लोगों की जान चली गई और कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। इस्लामिक हाई स्कूल बसोरुन में यह कार्यक्रम परिवारों के लिए आयोजित किया गया था, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए थे। हालांकि, कुछ कारणों से कार्यक्रम स्थल पर स्थिति अचानक अनियंत्रित हो गई और भगदड़ मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, भारी भीड़ के बीच अव्यवस्था फैलने से लोगों ने अपना आपा खो दिया, जिससे यह त्रासदी हुई। गवर्नर सेई मकिंडे ने कहा, ₹यह एक अत्यंत दुखद घटना है, जिसमें हमने कई अनमोल जानें खो दी हैं। इस त्रासदी ने पूरे राज्य को झकझोर कर रख दिया है। इस घटना के कारण जो परिवार और प्रियजन प्रभावित हुए हैं, उनके प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं।

उन्होंने आगे कहा कि प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि कार्यक्रम के मुख्य आयोजकों की लापरवाही इस भगदड़ का प्रमुख कारण हो सकती है। उन्होंने यह भी बताया कि आयोजकों को हिरासत में ले लिया गया है और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। गवर्नर मकिंडे ने भरोसा दिलाया कि घटना की पूरी तरह से निष्पक्ष और गहन जांच की जा रही है। उन्होंने कहा, ₹मैं लोगों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि इस आपदा के लिए जिम्मेदार हर व्यक्ति को न्याय के दायरे में लाया जाएगा। चाहे वह सीधे तौर पर शामिल हो या परोक्ष रूप से, दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# भारत का फार्मा सेक्टर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इंडस्ट्री, 2023-24 में 50 बिलियन डॉलर हुआ बाजार मूल्य

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि भारत की फार्मा इंडस्ट्री मात्रा के हिसाब से दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इंडस्ट्री मानी जाती है और वित्त वर्ष 2023-24 में फार्मास्युटिकल मार्केट का मूल्य 50 बिलियन डॉलर हो गया है।

राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में फार्मास्युटिकल मार्केट का घरेलू उपभोग मूल्य 23.5 बिलियन डॉलर और निर्यात मूल्य 26.5 बिलियन डॉलर रहा।

भारतीय फार्मास्युटिकल इंडस्ट्री की वैश्विक स्तर पर मजबूत उपस्थिति है। यह उत्पादन के मूल्य



के मामले में भी 14वें स्थान पर है, जिसमें जेनेरिक दवाएं, बल्क ड्रग्स, ओवर-द-काउंटर दवाएं, टीके, बायोसिमिलर और बायोलॉजिक्स शामिल हैं। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा प्रकाशित राष्ट्रीय लेखा सांख्यिकी 2024 के अनुसार, वित्त वर्ष 2022-23 के लिए स्थिर मूल्यों पर फार्मास्यूटिकल्स, औषधीय और बोटैनिकल प्रोडक्ट के लिए कुल उत्पादन 4,56,246 करोड़ रुपये है, जिसमें से 1,75,583 करोड़ रुपये वैल्यू एडेड है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान फार्मास्यूटिकल्स, औषधीय और बोटैनिकल प्रोडक्ट उद्योग में 9,25,811 लोग लगे हुए थे।

इस बीच, राज्य मंत्री ने यह भी बताया कि फार्मास्यूटिकल्स विभाग ने राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों के रूप में सात राष्ट्रीय फार्मास्यूटिकल शिक्षा और अनुसंधान संस्थान (एनआईपीईआर) स्थापित किए हैं।

ये संस्थान स्नातकोत्तर और डॉक्टरेट की शिक्षा प्रदान करते हैं, साथ ही विभिन्न फार्मा विशेषज्ञताओं में उच्च स्तरीय शोध भी करते हैं।

इसके अलावा, विभाग ने फार्मास्यूटिकल्स और चिकित्सा उपकरणों में रिसर्च, विकास और इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए एक राष्ट्रीय नीति भी तैयार की है। इसका उद्देश्य इस क्षेत्र में इनोवेशन के लिए एक इकोसिस्टम बनाना भी है, ताकि भारत एक उद्यमशील वातावरण तैयार कर दवा खोज और इनोवेटिव मेडिकल डिवाइस में अग्रणी बन सके।

### संसद परिसर में धक्का-मुक्की पर भड़के किरेन रिजिजू

## राहुल गांधी ने धक्का दिया, अगर भाजपा सांसद हाथ उठाते तो क्या होता

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** संसद परिसर में हाल ही में हुए विवाद ने राजनीति को गरमा दिया है। भाजपा ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने उनके दो सांसदों, प्रताप चंद्र सारंगी और मुकेश राजपूत, को धक्का दिया। इस घटना के बाद भाजपा नेताओं ने राहुल गांधी को निशाने पर लिया, जबकि कांग्रेस ने इन आरोपों को सिरे से नकारा। इस बीच केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया दी और राहुल गांधी के व्यवहार को लेकर सवाल उठाए।

क्या हुआ था घटनाक्रम?

बीजेपी सांसदों का कहना है कि राहुल गांधी ने उनके दो सांसदों को शारीरिक रूप से धक्का दिया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रताप सारंगी और मुकेश राजपूत को धक्का देने के बाद भाजपा नेताओं ने राहुल गांधी की आलोचना की और कहा कि अगर भाजपा सांसद भी इस तरह की शारीरिक ताकत का इस्तेमाल करते, तो स्थिति और बिगड़ सकती थी। भाजपा नेताओं का आरोप था कि राहुल गांधी ने संसद में एक अस्वीकार्य व्यवहार का प्रदर्शन किया।

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू का बयान

इस घटनाक्रम पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, ₹संसद कोई कुश्ती का अखाड़ा नहीं है, जहां शारीरिक ताकत दिखाई जाए। राहुल गांधी ने दो सांसदों को धक्का दिया, क्या आपने (राहुल गांधी) कराटे और कंफू सीखा है ताकि आप दूसरे सांसदों को मार सकें?₹ उन्होंने कहा कि यह संसद की मयार्दा के खिलाफ है, और सवाल उठाया कि राहुल गांधी को कौन से कानून ने यह अधिकार दिया कि वे किसी सांसद को धक्का देकर चोट पहुंचाएं। रिजिजू ने यह भी कहा कि अगर सभी सांसद अपनी ताकत दिखाकर संसद में मारपीट करने लगेंगे, तो संसद की कार्यवाही कैसे चलेगी? उन्होंने



राहुल गांधी की आलोचना करते हुए कहा कि वे लोकसभा में विपक्ष के नेता हैं और उन्हें अपने आचरण के प्रति जिम्मेदार रहना चाहिए।

कांग्रेस और इंडिया गठबंधन का विरोध प्रदर्शन

रिजिजू ने यह भी बताया कि कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के सदस्य संसद में लगातार प्रदर्शन करते हैं, जबकि एनडीए के सांसदों का यह विरोध प्रदर्शन एक विशेष कारण से था। उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शन इसलिए हुआ क्योंकि कांग्रेस पार्टी ने बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर का अपमान किया है। केंद्रीय मंत्री ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी ने झूठ फैलाया और गृह मंत्री अमित शाह के वीडियो को तोड़-मरोड़कर दिखाया, जिससे गलत संदेश गया।

बीजेपी सांसदों का संयम

केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि भाजपा सांसदों ने पूरी घटना के दौरान संयम दिखाया है। उन्होंने कहा, ₹हमने कभी शारीरिक हिंसा का सहारा नहीं लिया। हम हमेशा अपनी बात को शांति से रखते हैं।₹ रिजिजू ने यह भी कहा कि भाजपा-एनडीए के सांसद धक्का-मुक्की या किसी प्रकार की हिंसा में शामिल नहीं होते हैं, बल्कि वे लोकतांत्रिक तरीके से अपने विचार व्यक्त करते हैं।

कांग्रेस का जवाब

कांग्रेस ने भाजपा द्वारा लगाए गए आरोपों को पूरी तरह से नकारा और इसे भाजपा की राजनीति का हिस्सा बताया। कांग्रेस ने कहा कि भाजपा हमेशा ऐसे मुद्दों को उठाकर असल मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिश करती है। कांग्रेस का कहना था कि राहुल गांधी ने कभी किसी सांसद को जानबूझकर धक्का नहीं दिया और यह आरोप पूरी तरह से झूठे हैं।

## गूगल ने पकड़ लिया कार की डिक्की में शव रखता शख्स, तस्वीर से खोला हत्या का राज

**एजेंसी**

**स्पेनः** स्पेन से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां गूगल मैप्स की मदद से एक हत्या का खुलासा हुआ और संदिग्ध को गिरफ्तार कर लिया गया। यह घटना उत्तरी स्पेन के एक छोटे से गांव अंदालुज की है, जहां 32 वर्षीय क्यूबा के एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई थी। घटना ने तब तूल पकड़ा जब गूगल मैप्स की एक तस्वीर ने इस अपराध को उजागर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मामला अक्टूबर 2024 में सामने आया, जब गूगल मैप्स पर अपलोड की गई एक तस्वीर पुलिस के लिए हत्या की जांच में अहम सुराग साबित हुई। तस्वीर में एक व्यक्ति को कार की डिक्की में शव रखता हुआ देखा गया। गूगल मैप्स पर यह तस्वीर तब ली गई थी, जब कैमरा पास के इलाके में सड़कों की स्थिति का डेटा एकत्र कर रहा था।

स्पेनिश पुलिस को जानकारी मिली कि 32 वर्षीय क्यूबाई व्यक्ति जॉर्ज लुइस पेरेज पिछले साल से लापता था। उसकी हत्या के बाद, उसके क्षत-विक्षत शरीर को अलग-अलग जगहों पर ठिकाने लगाया गया था। पीड़ित के शव का एक हिस्सा अंदालुज के एक कब्रिस्तान में दफन पाया गया। गूगल मैप्स की तस्वीर में दिखाई देने वाले व्यक्ति को पुलिस ने संदिग्ध के रूप में पहचान लिया। जांच में यह भी पता चला कि संदिग्ध व्यक्ति की पूर्व पत्नी कभी पीड़ित से शादीशुदा थी। संदिग्ध पास के गांव ताजुएको में रहता था। पुलिस ने जब गूगल मैप्स की तस्वीर का विश्लेषण किया, तो संदिग्ध और उसकी गतिविधियां स्पष्ट हो गईं। गूगल की यह तस्वीर हत्या के मामले को सुलझाने में महत्वपूर्ण सबूत बन गई। जॉर्ज लुइस पेरेज 2023 में अचानक लापता हो गया था। उसके परिवार ने उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी, लेकिन पुलिस को कोई ठोस सुराग नहीं मिला। अक्टूबर 2024 में, गूगल ने अपने प्लेटफॉर्म पर स्पेन के अंदालुज गांव की सड़कों की एक तस्वीर अपलोड की। इस तस्वीर में, संदिग्ध को कार की डिक्की में कुछ रखते हुए देखा गया।

## अफगानिस्तान में दो भयानक बस हादसों से मचा कोहराम, 52 लोगों की मौत व 65 घायल

काबुल : अफगानिस्तान के काबुल-कंधार हाईवे पर हुए दो बड़े सड़क हादसों में कम से कम 52 लोगों की मौत हो गई, जबकि 65 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसे गजनी प्रांत के अलग-अलग इलाकों में गुरुवार को हुए। अधिकारियों ने इस घटना की पुष्टि की है। पहली दुर्घटना गजनी प्रांत के शाहबाज गांव के पास हुई। एक यात्री बस ईंधन से भरे टैंकर से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस और टैंकर दोनों में आग लग गई। 20यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कई गंभीर रूप से झुलस गए। दूसरी घटना गजनी के अंदार जिले में हुई, जहां एक बस एक बड़े ट्रक से टकरा गई। इस हादसे में भी कई लोगों की जान गई और दर्जनों घायल हो गए। हादसों के तुरंत बाद राहत और बचाव दल मौके पर पहुंचे और घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया। अधिकारियों ने बताया कि घायलों में से कई की हालत गंभीर है, जिससे मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है।

## अमेरिका में भारतीय शख्स ने नाबालिग को यौन गतिविधि में शामिल होने का दिया लालच, अब होगी 10 साल की सजा

वाशिंगटन : भारतीय नागरिक कीर्तन पटेल (24) ने एक नाबालिग को यौन गतिविधि में शामिल होने का लालच देने की कोशिश करने का दोष स्वीकार कर लिया है। एक अमेरिकी वकील ने बुधवार को यह जानकारी दी। पटेल को न्यूनतम 10 साल से अधिकतम उम्रकैद तक की सजा हो सकती है। वह फिलहाल जेल में है। वह फ्लोरिडा में रहता है।

## पंचकूला में भाजपा नेता के बेटे पर हमला

पंचकूला। बुधवार रात पंचकूला शहर में एक गंभीर और चिंताजनक घटना घटी, जिसने राजनीति और सुरक्षा मुद्दों पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव और हरियाणा भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ के बेटे आशुतोष धनखड़ पर आधा दर्जन युवकों ने हमला कर दिया। हमला सेक्टर 12ए स्थित रैली चौक के पास उस समय हुआ। जब आशुतोष अपनी कार से सेक्टर 14 स्थित घर लौट रहे थे।घटना का विवरणरात करीब 9 बजे एक कार ने आशुतोष की कार को ओवरटेक किया, जबकि पीछे से एक अन्य कार ने रास्ता रोक लिया। हमलावरों ने बेसबॉल के बैट से उनके सिर पर कई बार वार किए, जिससे आशुतोष गंभीर रूप से घायल हो गए। हमले के बाद आसपास मौजूद लोग इकट्ठा होने लगे, जिसे देखकर हमलावर मौके से फरार हो गए।

घटना की सूचना मिलते ही ओपी धनखड़ अपने बेटे को लेकर पंचकूला के सेक्टर 6 सामान्य अस्पताल पहुंचे। अस्पताल में करीब डेढ़ घंटे तक उपचार चला, जिसमें आशुतोष का सीटी स्कैन और एक्सरे कराया गया। डॉक्टरों के मुताबिक सिर में गहरी चोटें हैं, लेकिन वह खतरे से बाहर है। हमले की वजह को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। हालांकि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

शुरूआती जानकारी के मुताबिक यह रंजिश या निजी विवाद का मामला हो सकता है। पुलिस ने हमलावरों की पहचान के लिए घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है। इस हमले ने पंचकूला की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। एक हाई प्रोफाइल व्यक्ति के बेटे पर खुलेआम हमला प्रशासन की कार्यशैली पर सवालिया निशान लगाता है। इस घटना के बाद भाजपा नेताओं और कार्यकताओं में गहरा रोष है।

ओपी धनखड़ ने इस हमले की कड़ी निंदा की है और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। आगे की राह अब देखना यह है कि पुलिस इस मामले में कितनी जल्दी कार्रवाई करती है और अपराधियों को पकड़ती है। साथ ही, घटना के पीछे की असली वजह सामने आने पर ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

## डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण मिड्ढा ने कांग्रेस पर निशाना साधा, बोले-कांग्रेसी हार के सदमे से बाहर नहीं आए हैं

**एजेंसी**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण मिड्ढा ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा और जनता के लिए जिम्मेदारी से काम करने की वकालत की। कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए डॉ. मिड्ढा ने कहा कि कांग्रेस अभी भी अपनी हार के सदमे से बाहर नहीं आई है। उन्हें अपना मानसिक इलाज करवाना चाहिए। अगर इलाज काम न आए तो झाड़-फूंक का सहारा लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि हरियाणा की जनता ने कांग्रेस को विपक्ष में भेजा है, लेकिन पार्टी जनता की आवाज उठाने की बजाय विरोध और अनावश्यक विवादों में उलझी हुई है। डॉ. भीमराव अंबेडकर के बयानों को लेकर कांग्रेस के विरोध पर मिड्ढा ने कहा कि कांग्रेस के पास कोई ठोस मुद्दा नहीं है।

कभी संविधान को लेकर विरोध करते हैं तो कभी डॉ. अंबेडकर का नाम लेकर जनता को गुमराह करने की कोशिश करते हैं। इससे पता चलता है कि कांग्रेस जानबूझकर बेकार के मुद्दे उठा रही है। शीतकालीन सत्र में लगातार हो रहे हंगामे को लेकर डॉ. मिड्ढा ने सांसदों और विधायकों की जिम्मेदारी पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि सत्र चलाने में बहुत पैसा खर्च होता है, जो




देशवासियों का है। जनता ने आपको चुनकर भेजा है, उनकी उम्मीदें आपके कंधों पर हैं। हंगामे में सदन का समय बर्बाद करने की बजाय जनहित के मुद्दों पर चर्चा होनी चाहिए। किसानों को लेकर पूछे गए सवाल पर डॉ. मिड्ढा ने कहा कि किसान हमारे हैं, और हम किसानों के हैं। सरकार हमेशा किसानों के हित में काम करती रही है और करती रहेगी। विपक्ष किसानों के मुद्दों पर राजनीति कर रहा है, जबकि हमारा ध्यान उनकी समस्याओं के समाधान पर है।

डॉ. मिड्ढा ने विपक्ष से जिम्मेदारी से काम करने की अपील की। ??उन्होंने कहा कि जनता ने नेताओं को सदन में उनके मुद्दे उठाने और समाधान निकालने के लिए चुना है। अनावश्यक हंगामे और प्रदर्शन से न केवल संसदीय प्रक्रिया बाधित होती है, बल्कि देश का विकास भी बाधित होता है।

न्यूज ब्रीफ

## व्यय प्रेक्षक ने अभ्यर्थियों का व्यय लेखा जांच



**बोकारो :** विधानसभा आम चुनाव 2024 के अभ्यर्थियों का व्यय संबंधित लेखा की जांच व्यय प्रेक्षक आर नतेश* की अध्यक्षता में किया गया। मौके पर निवार्ची पदाधिकारी बेरमो सह अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रेमचंद सिन्हा आदि उपस्थित थे। इस दौरान 34 गोमिया एवं 35 बेरमो विधानसभा क्षेत्र के अभ्यर्थियों व उनके प्रतिनिधि चुनावी व्यय मिलान हेतु उपस्थित हुए। क्रमवार सभी अभ्यर्थी मूल व्यय पंजी के साथ उपस्थित हुए, जिसका मिलान कोषांग के टीम द्वारा किया गया।

## मांडर में किसानों ने उठाए सब्सिडी और पशु वितरण में अनियमितता के मुद्दे



**मांडर :** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने मांडर विधानसभा क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने किसानों की समस्याएं सुनीं और कई अहम घोषणाएं कीं। मंत्री ने कहा कि बहुत जल्द प्रखंड स्तर पर पशु बाजार की शुरूआत की जाएगी, ताकि किसानों को उचित मूल्य पर अच्छे नस्ल के गाय और अन्य पशु उपलब्ध हो सकें। इसके लिए विभाग एक कैलेंडर और पशु रेट चार्ट भी जारी करेगा।

भ्रमण के दौरान किसानों ने मंत्री से शिकायत की कि बाजार मूल्य से अधिक कीमत तय कर उन्हें सब्सिडी दी जाती है, जिससे उन्हें लाभ नहीं मिल पाता। इसके अलावा, कैटल फीड मेधा दाना की कीमतों में कमी की भी मांग की गई।

मंत्री तिर्की ने करगे, बंझिला, महुआ जारी और कैम्बो में स्थित मिल्क कलेक्शन और चिलिंग प्लांट का निरीक्षण किया। उन्होंने साफ-सफाई और सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। झारखंड मिल्क फेडरेशन के पदाधिकारियों की उपस्थिति में किसानों की समस्याओं पर चर्चा हुई।

निरीक्षण के दौरान किसानों ने गाय वितरण में अनियमितताओं की शिकायत की। मंत्री ने इस पर गंभीरता से ध्यान देने का आश्वासन दिया और अधिकारियों को चारा काटने की मशीन किसानों तक जल्द पहुंचाने के निर्देश दिए।

मंत्री ने बताया कि पशुपालन विभाग एसटी/एससी और विधवाओं को 90 प्रतिशत सब्सिडी पर पशु उपलब्ध करा रहा है, जबकि सामान्य वर्ग के लिए यह सब्सिडी 75 प्रतिशत है। उन्होंने इस योजना को पारदर्शी बनाने पर जोर दिया।

मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने किसानों को आश्वासन दिया कि सरकार उनकी समस्याओं के समाधान और कृषि क्षेत्र में सुधार के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि किसानों की शिकायतों को प्राथमिकता से दूर किया जाएगा और योजनाओं का क्रियान्वयन पारदर्शी तरीके से किया जाएगा।

## भाजपा की चुनावी समीक्षा एवं सदस्यता अभियान को लेकर बैठक आयोजित

बेड़ो। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बेड़ो मंडल और नरकोपी मंडल के संयुक्त तत्वावधान में सरस्वती विद्या मंदिर, बेड़ो में चुनावी समीक्षा और सदस्यता अभियान पर चर्चा के लिए एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई।

इस बैठक में हाल ही में संपन्न हुए चुनावों में पार्टी द्वारा की गई गलतियों की समीक्षा की गई और इन कमियों के कारणों का विश्लेषण करते हुए आगामी चुनावों की रणनीति तैयार की गई। बैठक में उपस्थित बूथ अध्यक्ष, पंचायत प्रभारी और अन्य कार्यकताओं ने अपने विचार साझा किए। भाजपा प्रत्याशी सन्नी टोप्पो ने कहा, ₹मांडर में भाजपा के वोटों में हुई बढ़ोतरी हमारे लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। आने वाले चुनावों में इसका सकारात्मक प्रभाव दिखाई देगा। पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर ने जनता के फैसले का सम्मान करते हुए कहा, ₹हम विपक्ष में रहकर जनता के हक, अधिकार और न्याय के लिए निरंतर आवाज उठाएंगे। मांडर विधानसभा क्षेत्र की जनता को उनका अधिकार दिलाने के लिए भाजपा का हर कार्यकर्ता उनके साथ खड़ा है। बैठक में पार्टी कार्यकताओं से कहा गया कि वे सदस्यता अभियान और अन्य आगामी कार्यों में पूरी ऊर्जा और समर्पण के साथ लगें। यह भी तय किया गया कि भाजपा झारखंड और राष्ट्र निर्माण के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगी। बैठक की अध्यक्षता बेड़ो मंडल अध्यक्ष बलराम सिंह ने की और संचालन मीडिया प्रभारी मनोज कुमार साहू ने किया। बैठक में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, विधानसभा चुनाव प्रभारी रिपूसुदन साहू, नरकोपी मंडल अध्यक्ष तेजु दास, भाजपा प्रत्याशी सन्नी टोप्पो, प्रदेश नेता भीखा उरांव, अरुण गुप्ता, गणेश महथा और सुमंती देवी सहित कई अन्य वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में यह संदेश दिया गया कि भाजपा का कार्यकर्ता केवल चुनावी राजनीति के लिए नहीं, बल्कि राष्ट्रहित के लिए कार्य करता है। सभी कार्यकताओं ने सदस्यता अभियान और संगठनात्मक गतिविधियों में पूरी ताकत लगाने का संकल्प लिया।

## वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से की बैठक

**दुमका :** जिले के अपर समाहर्ता राजीव कुमार ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी के साथ बैठक की।उन्होंने कहा कि प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा *सुशासन सप्ताह-'प्रशासन गांव की ओर₹ अभियान दिनांक-19।12।2024 से 24।12।2024 तक जिले में आयोजित है।*

इस अवधि के दौरान ऑनलाइन शिकायत का निपटारा किया जाना है।स्पेशल कैम्प लगाकर आमजनों की समस्या से संबंधित आवेदन प्राप्त करना है।साथ ही इस दौरान विशेष शिविरों में निवारण की गई जन शिकायतों की संख्या,सीपी ग्राम पोर्टल में निवारण की गई सार्वजनिक शिकायतों की संख्या,राज्य पोर्टलों में निवारण की गई सार्वजनिक शिकायतों की संख्या,ऑनलाइन सेवा वितरण के लिए जोड़ी गई सेवाओं की संख्या,निपटाए गए सेवा वितरण आवेदनों की संख्या,सुशासन प्रथाओं का संकलन और प्रसार और उन्हें पोर्टल पर अपेक्षित चित्र के साथ साझा करना है,जन शिकायतों के समाधान पर सफलता की कहानियाँ,आयोजित प्रसार कार्यशाला का विवरण पोर्टल पर अपलोड करना है।उन्होंने कहा कि 23 दिसंबर को जिला स्तर पर कार्यशाला का आयोजन किया जाना है।

# स्कूल के 100 मीटर दायरे में पान-गुटखा, सिगरेट आदि बेचने वाले दुकानों पर पड़ा प्रशासन का रेड

## एक हजार पिस गुटखा पान मसाला जब्त

मेट्रो रेज संवाददाता

**जलडेगा :** उपायुक्त सिमडेगा के निर्देश पर जलडेगा सीओ शंभू राम और जलडेगा थाना प्रभारी जितेन्द्र कुमार की संयुक्त टीम ने गुटखा-पान मसाला के खिलाफ छापामारी अभियान चलाकर स्कूल परिसर के दायरे में आने वाले दो दुकानों से करीब 1000 पीस गुटखा जप्त करने के बाद आग जलाकर नष्ट कर दिया। अभियान में मजिस्ट्रेट के रूप में प्रतिनियुक्त सीओ शंभू राम ने बताया कि उपायुक्त सिमडेगा के निर्देश पर कारवाई की गई है। ये कारवाई आगे भी जारी रहेगी। फिलहाल स्कूल परिसर के बाहर गुटखा - पान, सिगरेट आदि बेचने वाले दुकानदारों को



हिदायत दे दी गई है। इसके बाद भी यदि दुकानदार प्रशासन की बातों को नजरअंदाज करेंगे तो निश्चित रूप से कानूनी कार्रवाई करते हुए दुकानों को सील कर दिया जायेगा।

जिला स्तरीय बैठक में उपायुक्त सिमडेगा ने लगातार छापेमारी करने का दिया है निर्देश*

ज्ञात हो कि एक दिन पूर्व उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय एनसीओआरडी समिति की बैठक का आयोजन किया गया था। बैठक में एनसीओआरडी की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने जिले में अवैध रूप से नशीले पदार्थों पर रोक लगाने के निर्देश दिया था। साथ ही उन्होंने विद्यालयों के बाहर छोटे दुकानों के लगाने जिनके द्वारा नशीले पदार्थों के बिक्री करने की संभावना है वाले दुकानों को वहां से शिफ्ट करवाने का निर्देश दिया। विद्यालय के बाहर या 100 मीटर परीधि के आस पास गुटखा, पान, सिगरेट आदि की बिक्री पर रोक लगाने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा उपायुक्त ने विद्यार्थियों को किसी नशीले पदार्थों का लत न लगे इसके लिए नियमित जांच एवं आवश्यक छापेमारी करने की बात कही थी।

## सियारी पंचायत में ग्राम पंचायत समन्वय समिति की बैठक संपन्न

**गोमिया :** गोमिया प्रखंड अंतर्गत सियारी पंचायत सचिवालय में मुखिया राम वृक्ष मुर्मू की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत समन्वय समिति की बैठक हुई। इस बैठक में पंचायत में चल रहे विभिन्न विभागों के कार्यों के प्रगति की समीक्षा की गई। इसमें संबंधित विभागों के कर्मी मौजूद थे। समिति के अध्यक्ष मुखिया रामवृक्ष मुर्मू ने क्रमवार तरीके से पंचायत के विकास कार्यों का रिपोर्ट लिया। समस्याओं की जानकारी भी ली। मुखिया ने कहा कि आपस में समन्वय स्थापित कर कार्य करने पर ही पंचायत विकसित और सक्षम बनेगा। इस दौरान सर्वसम्मति से विकास योजनाओं की कार्य प्रगति को लेकर प्रत्येक माह ग्राम पंचायत समन्वय समिति की बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

## जन शिकायत समाधान में फरियादियों ने लगाई फरियाद, हुआ समाधान



**बोकारो :** डीजीपी के निर्देश पर बोकारो में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन बोकारो पुलिस की तरफ से किया गया सेक्टर 2ऊ कला केंद्र में एसपी और डीडीसी की मौजूदगी में समाधान कार्यक्रम में आए फरियादियों ने फरियाद लगाई ।इस दौरान जमीन आपसी विवाद सहित अन्य मामले सामने आए। कई जमीन मामलों में थाना की कार्रवाई नहीं किए जाने की बात को लेकर एसपी को अवगत कराया गया ।कई मामलों का त्वरित निष्पादन करते हुए सपा ने संबंधित थाना प्रभारी को मामला दर्ज करने का निर्देश दिया। कई ऐसे मामले आए जिसे डालसा के पास भेजने का भी निर्णय लिया गया। समाधान कार्यक्रम में आई एक आदिवासी महिला अनिता बिरुआ ने पिछले 3 साल से जमीन कब्जा किए जाने की मामले को लेकर थाने में कार्रवाई नहीं किए जाने की बात कही गई ।महिला ने सेक्टर 12 थाना पुलिस पर भी कई गंभीर आरोप लगाया। डीडीसी गिरजा शंकर प्रसाद ने कहा कि यह एक अच्छा प्रयास है। एक प्लेटफार्म पर सभी फरियादी जाकर अपने फरियाद को रखकर इसका समाधान भी पा सकते हैं ।कई मामलों का समाधान भी आज किया गया है।

## अंचल अधिकारी ने अवैध खनन क्षेत्र का किया निरीक्षण

विनय मिश्रा

**चाईबासा :** पश्चिमी सिंहभूम जिला दंडाधिकारी -सह- उपायुक्त कुलदीप चौधरी के द्वारा जिला अंतर्गत अवैध खनन, भंडारण, परिवहन पर पूर्ण रूपेण अंकुश लगाने का सख्त निर्देश संलग्न पदाधिकारी को दिया गया है। जिसके तहत जिला, अनुमंडल, अंचल, थाना स्तर पर संबंधित पदाधिकारी के द्वारा अवैध खनन, परिवहन, भंडारण के विरुद्ध क्षेत्रों में नियमित निगरानी रखी जा रही है। इसी के आलोक में आज सुबह चक्रधरपुर व आनंदपुर अंचल क्षेत्र में अंचल अधिकारी व संबंद्ध पदाधिकारी के द्वारा अवैध बालू उत्खनन/परिवहन के विरुद्ध जांच अभियान चलाया गया। छापेमारी के क्रम में चक्रधरपुर अंचल क्षेत्र के



जुगीबेड़ा में उत्खनन कर परिवहन करते हुए तकरीबन 100 सीएफटी बालू वाहन सहित को जप्त किया गया। इसके साथ ही आनंदपुर क्षेत्र अंतर्गत बालू घाट जाओमित्रि व रंगोल्डा का निरीक्षण के दौरान अवैध रूप से बालू लदे एक ट्रैक्टर को जप्त किया गया है।

## विधायक ने आंदोलनकारी बिनोद बिहारी महतो को दी श्रद्धांजलि

मेट्रो रेज संवाददाता

**बोकारो :** बोकारो विधायक श्वेता सिंह ने बोकारो हवाई अड्डा के समीप झारखंड आंदोलन के प्रणेता बिनोद बिहारी महतो के प्रतिमा पर पुण्यतिथि के अवसर पर माल्यार्पण कर नमन किया। श्रीमती सिंह ने कहा कि मैं सौभाग्य शाली हू कि मेरे श्वसुर समरेश सिंह और बिनोद बिहारी महतो ने हमेशा झारखंडी अस्मिता की लड़ाई लड़ी।अपने जीवनकाल में बिनोद बिहारी महतो ने कई महत्वपूर्ण काम किए,जिससे आज उन्हें एक सफल कलमकार, रणनीतिकार,अधिवक्ता के तौर पर याद किया जाता है। उन्होंने एक समाज सुधारक के रुप में भी अपनी महती भूमिका निभाई।उनके बारे में कहा जाता है कि सामाजिक बुराइयों को दूर करने के लिये वह दोषियों को सजा देने से भी पीछे नहीं हटते थे। पूरे झारखंड की दशा को बदलने में उनका




योगदान रहा है।झारखंड आंदोलन को जो पहले आदिवासियों का आंदोलन कहा जाता था,बिनोद बिहारी महतो के हस्तक्षेप के बाद इसमें गैर आदिवासी जुड़ पाये।1971 से लेकर 72 तक उन्होंने कुछ स्कूलों और कॉलेजों को 4 -5 लाख तक का सहयोग दिया ताकि ज्यादा से ज्यादा स्कूल खुल सकें औ? समाज के सभी वर्गों के बच्चे वहां पढ़ लिखकर आगे बढ़ सकें। शिक्षा के साथ साथ झारखंडी संस्कृति को आगे बढ़ाने में भी उनका अहम योगदान रहा है।वह इसके लिये आर्थिक सहायता भी प्रदान करते थे।कई झूमर और करम गीतों में भी बिनोद बाबू का उल्लेख मिलता है।अपने जीवन के अंतिम समय तक वह सामाजिक लड़ाई लड़ते रहे। हम गौरवशाली है कि आज ऐसे विभूति की पुण्यतिथि मनाने का मौका मिल रहा है वर्तमान समय में एक बेहतर समाज के निर्माण के लिए इनके विचारों को आत्मसात करने की जरूरत है

इस अवसर पर चास के निवर्तमान मेयर भोलू पासवान,प्रताप सिंह,राज किशोर पोद्दार उपस्थित रहे।

## सातवें दिन भी चलाया गया नो पार्किंग में वाहन जांच अभियान

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर शहर को जाम मुक्त बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन की ओर से लगातार जांच अभियान चलाया जा रहा है। अनुमंडल पदाधिकारी धालभूम शताब्दी मजूमदार के नेतृत्व में बुधवार को सातवें दिन साकची व बिष्टुपुर क्षेत्र के नो पार्किंग जोन में खड़े वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया गया। इस दौरान सड़कों का अतिक्रमण कर खड़े किए गए वाहनों तथा नो पार्किंग में वाहन खड़े करने वाले चालकों से जुमार्ना वसूला गया।

अनुमंडल पदाधिकारी, धालभूम ने कहा कि इस अभियान में शहरवासियों से भी परस्पर सहयोग अपेक्षित है। बाजार व भीड़ भाड़ वाले क्षेत्रों में जाम की स्थिति में पहले से सुधार हुआ है। सड़कों को शत प्रतिशत जाम मुक्त रखने में आगे भी शहरवासियों से सहयोग अपेक्षित है। उन्होने अपील किया कि शहरवासी नो पार्किंग जोन में वाहनों की पार्किंग नहीं करें।

## चिन्मय विद्यालय का प्रोजेक्ट प्रथम राज्य स्तर के लिए चयनित

बोकारो : चिन्मय विद्यालय बोकारो, में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया । जिसमें हजारीबाग जिला खेल विभाग द्वारा आयोजित प्रमंडल स्तरीय राष्ट्रीय मेला 2024 में अव्यान नारायण कश्यप, केशव अग्रवाल एवं नेहाल शर्मा के प्रोजेक्ट को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ । विद्यालय ने इन सभी छात्रों को प्रार्थना सभागार में विशेष रूप से सम्मानित किया। तीनों मेघावी छात्रों ने भारतीय किसानों के सहयोग के लिए ए.आइ की मदद से एक ऐसा प्रोजेक्ट यंत्र तैयार किया जो खेतों में आने वाले सभी जानवरों ,पक्षियों की जानकारी देता है एवं विशेष लेयर द्वारा उसे भगाने में मदद भी करता है। जिससे जानवरों और पक्षियों का नुकसान भी नहीं हो और खेतों में उपजे हुई फसल भी सुरक्षित रहे । साथ ही यंत्र में लगे विशेष सेंसर से खेत की मिट्टी की गुणवत्ता का पता चलता है। प्रार्थना सभा में सभी विजेता छात्रों को विद्यालय प्रबंधन द्वारा विशेष रूप से सम्मानित किया गया । प्राचार्य सूरज शर्मा ने बधाई देते हुए कहा कि प्रोजेक्ट के बच्चों ने ज्ञान के साथ-साथ इस प्रोजेक्ट के प्रेजेंटेशन एवं यह प्रोजेक्ट समाज के लिए कितना उपयोगी है इस बात पर ज्यादा ध्यान दिया है । यह खुशी की बात है कि हमारे विद्यालय में केवल पुस्तक ज्ञान ही नहीं अपितु बच्चों के अंदर छुपी प्रतिभाओं को उभारने के लिए विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षको द्वारा सहयोग किया जाता है । प्रोजेक्ट में शामिल छात्रों अव्यान नारायण कश्यप , केशव अग्रवाल एवं नेहाल शर्मा एवं उनके गाइड टीचर शुभम कुमार गुप्ता तथा श्रेया गुप्ता को ढेरों बधाई दी । यह प्रोजेक्ट राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित किया जा चुका है। चिन्मय मिशन की आवासीय आचार्या स्वामिनी सम्युक्तानंद सरस्वती, विद्यालय प्रबंधन के अध्यक्ष बिश्वरूप मुखोपाध्याय, सचिव महेश त्रिपाठी, प्राचार्य सूरज शर्मा एवं उप प्राचार्य नरमेंन्द्र कुमार सहित सभी विभागिये इनचार्यों एवं शिक्षकों ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की और उन्हें ढेरो शुभकामनाएं दी।

## सेविकाओं को डीसी ने दी शुभकामनाएं कहा-आप लोग और अच्छा काम करें

मेट्रो रेज संवाददाता

**बोकारो :** पोषण भी, पढ़ाई भी कार्यक्रम सरकार की एक महत्वाकांक्षी पहल है, जिसका उद्देश्य जिले के बच्चों के समग्र विकास को सुनिश्चित करना है। यह कार्यक्रम बच्चों को सिर्फ पढ़ाई ही नहीं, बल्कि स्वस्थ रहने के लिए आवश्यक पोषण भी प्रदान करता है। उक्त कार्यक्रम के तहत जिले में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला परिषद कार्यालय के सभागार में सम्पन्न हुआ। समापन कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्षा सुनीता देवी एवं उप विकास आयुक्त गिरिजा शंकर प्रसाद शामिल हुए*। कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारी द्वारा सभी सेविका एवं सहायिका को प्रशस्ति पत्र दिया गया। मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डॉ सुमन गुप्ता, प्रखंड विकास पदाधिकारी चास प्रदीप कुमार, बाल परियोजना पदाधिकारी चास, सुपरवाइजर एवं पर्यवेक्षक उपस्थित थी। उप विकास आयुक्त गिरिजा शंकर प्रसाद में कहा कि आप सभी लोग बढ़िया काम कर रहे हैं और बढ़िया काम करें ताकि आपके




क्षेत्र के सभी बच्चों का भविष्य बन सके। उन्होंने सभी सेविका को शुभकामना देते हुए कहा कि आप लोग और बढ़िया काम करें, अच्छा करें ताकि आपके केंद्र के जितने भी बच्चे हो वे स्वस्थ रहें, आप भी स्वस्थ रहें और उनके देखभाल आप लोग बढ़िया ढंग से करें। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डॉ सुमन गुप्ता ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्वस्थ बच्चे, उज्वल भविष्य, शिक्षा में सुधार एवं समाज में बदलाव है। इसके तहत कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य बच्चों को स्वस्थ और पोषित बनाना है ताकि वे बेहतर ढंग से सीख सकें और अपने जीवन में सफल हो सकें तथा बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने पर भी जोर देता है ताकि वे अपने भविष्य के लिए तैयार हो सकें। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में पोषण और शिक्षा के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाना है। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डॉ. सुमन गुप्ता ने कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि इस कार्यक्रम के तहत आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों को पोषक आहार दिया जाता है और उन्हें खेल-कूद और शिक्षण गतिविधियां करवाई जाती हैं तथा शिक्षकों को बच्चों को प्रभावी ढंग से पढ़ाने और उनके पोषण के बारे में जागरूक करने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। इसके साथ साथ माता-पिता को बच्चों के पोषण और शिक्षा में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है तथा समुदाय के लोगों को भी इस कार्यक्रम में शामिल किया जाता है ताकि वे बच्चों के विकास में योगदान दे सकें।प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर सह महिला पर्यवेक्षिका रेणु लता एवं स्मिता अखौरी के द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान जिला परिषद अध्यक्षा सुनीता देवी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## पंचायत में पारदर्शिता लाने और जवाबदेही सुनिश्चित करें : डीडीसी

बोकारो : जिला परिषद कार्यालय के सभागार में मेरा पंचायत, मेरा पहचान से संबंधित एक दिवसीय मुखिया उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। *उक्त कार्यशाला के मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्षा सुनीता देवी एवं उप विकास आयुक्त गिरिजा शंकर प्रसाद शामिल हुए। कार्यशाला में मुखियाओं के लिए एक महत्वपूर्ण मंच मेरा पंचायत, मेरा पहचान ₹कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण विकास में पंचायतों की सक्रिय भूमिका को बढ़ावा देना है। कार्यशाला के माध्यम से विशेष रूप से मुखियाओं को प्रशिक्षित किया जाता है ताकि वे अपने गांव के विकास में प्रभावी नेतृत्व कर सकें। साथ ही कार्यशाला के माध्यम से ग्रामीण समुदायों को अपनी समस्याओं का समाधान खोजने और अपने गांव का विकास करने के लिए प्रेरित किया जाता है। साथ ही कार्यशाला में पंचायत अंतर्गत जी.पी.डी.पी. का चयन, जिसमें सक्षम पंचायत एवं विकसित पंचायत के अंतर्गत फाइलेरिया मुक्त पंचायत के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। मौके पर जिला पंचायतीराज पदाधिकारी मो. शफीक अहमद, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डॉ सुमन गुप्ता, डीपीएम अभिषेक कुमार, चास और गोमिया प्रखंड के मुखिया एवं पंचायत सचिव उपस्थित थे। कार्यशाला में मुखियाओं एवं पंचायत सचिवो को प्रशिक्षण पीरामल फाउंडेशन बोकारो के द्वारा दिया गया।

जिला परिषद अध्यक्षा सुनीता देवी ने बताया कि इस कार्यशाला से मुखियाओं को सशक्त बनाना ताकि वे अपने गांव के विकास में अग्रणी भूमिका निभा सकें। इसके साथ ही उन्होंने पंचायती राज व्यवस्था और विकास योजनाओं की विस्तार से जानकारी दिया। उन्होंने ग्रामीण समस्याओं का समाधान खोजने को कहा ताकि ग्रामीण विकास की गति तेज हो सके।